

रांची, मंगलवार, 22 सितंबर 2026

संवत 2083, भाद्रपद शुक्ल 11 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-10, अंक 18 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▸▸ नशा कारोबार की बड़ी मछलियों पर कसें शिकंजा

करियर बर्बाद करने के आरोपों पर पहली बार सलमान खान ने तोड़ी ◂◂ 6


# रांची में प्रकृति और परंपरा के उल्लास में डूबे लोग, मांदर की थाप पर थिरक उठे पांव



**संवाददाता**

**रांची:** झारखंड में करम पर्व (कर्मा पूजा) को लेकर चारों ओर खुशी और उल्लास का माहौल है। रांची, खूंटी समेत राज्य के सभी जिलों में ये पर्व पूरी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया जा रहा है। मांदर की थाप और पारंपरिक लोकगीतों की गूंज के साथ लोग इस उत्सव में रमे हुए हैं। रांची कॉलेज के दीक्षांत मंडप सहित कई स्थानों पर आयोजित पूर्व संध्या कार्यक्रमों में युवाओं ने नागपुरी, मुंडारी, संताली और खड़िया गीतों पर मनमोहक लोकनृत्य प्रस्तुत किए। ये त्योहार मुख्य रूप से प्रकृति की शक्ति, कृषि समृद्धि, भाई-बहन के पवित्र रिश्ते और गहरी सामुदायिक एकजुटता का प्रतीक है।

**क्या है करम पर्व और इसका सांस्कृतिक महत्व :** करम पर्व प्रकृति, कृषि और मानव श्रम के परस्पर जुड़ाव का एक सुंदर संगम है। इसमें 'करम वृक्ष' को कर्म देवता का प्रतीक मानकर उसकी डाल की विधि-विधान से स्थापना और पूजा की जाती है। इस पर्व में अंकुरित बीज (जावा) नई जिंदगी और उर्वरता का प्रतिनिधित्व करते हैं, वहीं करम की हरी डाल प्रकृति की अपार शक्ति और समृद्धि का संदेश देती है।

## राज्यसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान, यूपी की 10 और उत्तराखंड की 1 सीट पर 16 अक्टूबर को वोटिंग

**नई दिल्ली :** राज्यसभा की खाली होने जा रही सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम का ऐलान कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश की 10 और उत्तराखंड की एक राज्यसभा सीट के लिए 16 अक्टूबर को मतदान होगा। इसी दिन पश्चिम बंगाल की एक राज्यसभा सीट पर उपचुनाव के लिए भी वोट डाले जाएंगे। मतदान के बाद वोटों की गिनती भी 16 अक्टूबर को ही की जाएगी। चुनाव कार्यक्रम के मुताबिक, 29 सितंबर को चुनाव के लिए नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। उम्मीदवार 6 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 7 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 9 अक्टूबर तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद 16 अक्टूबर को मतदान होगा और उसी दिन परिणाम भी घोषित किए जाएंगे। यूपी की 10 राज्यसभा सीटों पर चुनाव उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की 10 सीटों का कार्यकाल नवंबर में समाप्त हो रहा है। वर्तमान में इनमें से 8 सीटें भाजपा के पास हैं, जबकि एक सीट समाजवादी पार्टी और एक सीट बहुजन समाज पार्टी के पास है। इन सीटों से जुड़े मौजूदा या पूर्व सदस्यों में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, पूर्व डीजीपी बृजलाल, गीता शाक्य, सीमा द्विवेदी, बी.एल. वर्मा, दिनेश शर्मा और सपा नेता रामगोपाल यादव जैसे नाम शामिल हैं।

## जमुई छेड़खानी कांड का मुख्य आरोपी नंदन यादव पुलिस मुठभेड़ में घायल, पैर में लगी गोली



**पटना :** बिहार के जमुई जिले में नाबालिग छात्रा से कथित छेड़खानी और अभद्र व्यवहार का वीडियो वायरल होने के बाद मचे बवाल के बीच पुलिस ने मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस के साथ मुठभेड़ में घटना का मुख्य आरोपी नंदन यादव घायल हो गया है। पुलिस के अनुसार, उसके पैर में गोली लगी है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना 19 सितंबर की बताई जा रही है और वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान तेज कर दिया था। मुंगेर प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक राकेश कुमार ने आईएएनएस को बताया कि पुलिस टीम आरोपी की तलाश में पहाड़ी इलाके में पहुंची थी। इसी दौरान पुलिस दल पर हमला किया गया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में मुख्य आरोपी नंदन यादव घायल हो गया। उन्होंने बताया कि मामले में एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। उसके पैर की हड्डी टूटने की बात सामने आई है और उसका भी इलाज कराया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, जमुई के मड़वा पहाड़ी इलाके में 19 सितंबर की शाम एक नाबालिग छात्रा और उसके दोस्त को कुछ युवकों ने रोक लिया था। इस दौरान छात्रा के साथ कथित तौर पर अभद्र व्यवहार और छेड़खानी की गई जबकि उसके साथ मौजूद युवक के साथ भी मारपीट की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपियों की पहचान शुरू की थी।

पुलिस ने पहले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था और अन्य आरोपियों की तलाश के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था। पुलिस के अनुसार, वीडियो में दिखाई दे रहे कई लोगों की पहचान की जा चुकी है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। इस मामले में पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो को लेकर भी कार्रवाई शुरू की है।

घटना के वीडियो प्रसारित करने वाले कई सोशल मीडिया प्रोफाइल के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है। जमुई की इस घटना को लेकर बिहार में राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप भी तेज हो गया है। विपक्ष ने कानून-व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार पर सवाल उठाए हैं जबकि पुलिस का कहना है कि मामले में शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी और कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।




## समाचार सार

### अपने ही नियमों से पीछे नहीं हट सकता टाटा संस : टाटा ट्रस्ट्स

**रांचीः** टाटा ट्रस्ट्स ने कहा है कि टाटा संस अब अपने ही एसोसिएशन ऑफ आर्टिकल्स में दिए गए टाटा ट्रस्ट्स के नामित निदेशकों के अधिकारों से पीछे नहीं हट सकता। ट्रस्ट्स के अनुसार, साइरस मिस्त्री मामले में कंपनी ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष इन्हीं अधिकारों को शेयरधारकों द्वारा तय वैध सुरक्षा के रूप में बचाया था और अदालत ने भी इन प्रावधानों को लेकर कंपनी का पक्ष स्वीकार किया था। ट्रस्ट्स ने कहा कि 17 सितंबर की बोर्ड बैठक में चंद्रशेखरन की पुनर्नियुक्ति के लिए आवश्यक शर्त पूरी नहीं हुई, इसलिए कास्टिंग वोट के जरिए इसे वैध नहीं बनाया जा सकता।

### चूहा मारने के लिए खुदाई कर रहे बुजुर्ग करंट लगने से मौके पर मौत

**साहिबगंज/पतनाः**सोमवार को रांगा थाना क्षेत्र के बदतल्ला गांव में सुबह 11 हजार वोल्ट की हाई वोल्टेज करंट लगने 55 वर्षीय बुजुर्ग धानो हांसदा की मौत हो गई।मिली जानकारी के अनुसार मृतक धानो हांसदा लोहे की सब्बल लेकर खेत में चूहे मारने के किये गए थे,और खेत के मेढ में सब्बल चला कर चूहे को ढूंढने के लिए खुदाई कर रहे थे,इसी क्रम में ऊपर से 11000 गुजर रहे हाइ वोल्टेज तार में लोहे का सब्बल सट गया और करंट के सम्पर्क में आ गया,करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है ,मृतक बुजुर्ग के दो पुत्र है।इधर बरहरवा प्रभाग के बिजली विभाग के सहायक अभियंता सत्यंम मरांडी ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है,मृतक के परिजनों की ओर से किसी प्रकार का कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है,लिखित आवेदन मिलते ही मुवाबजे के लाभ दिलाने की प्रकिया की जाएगी।

### केंद्रीय विद्यालय परिसर में पौधा वितरण कार्यक्रम संपन्न



**साहिबगंजः**गंगा मिशन कोलकाता साहिबगंज की ओर से वृक्षारोपण सह वितरण कार्यक्रम चल रहा है.इसके तहत 21 सितम्बर दिन सोमवार को सुबह 7.30 बजे हबीबपुर स्थित केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों को फलदार वृक्ष वितरण किया गया। विद्यार्थियों के बीच फलदार आम, कटहल,नारियल,आवंला के पौधे वितरण किए गये।इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय की प्रधानाध्यापिका स्नेहा ने छात्रों को अपने हाथों से पौधा वितरण किया साथ ही पौधाओं को संरक्षण करने की बात कही उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाना था जो आज पूरा हुआ उन्होंने गंगा मिशन द्वारा चलाए जा रहे वृक्ष वितरण कार्यक्रम की प्रशंसा की गंगा सेवा समिति के सदस्य प्रमोद पांडे एवं गणेश तिवारी ने कहा कि पेड़ पौधों हमारे जीवन के आधार हैं पर्यावरण हमारे लिए बेहद जरूरी कार्य है इस अवसर पर संजीव श्रीवास्तव चंपक दत्ता,अशोक सराफ,राजीव सिंह,राजीव चौधरी, दिवेश झा,मनोज झा,शिलाजीत वासु,अर्चना कुमारी आदि शिक्षकगण भी उपस्थित थे।

### ग्रामीणों ने मुख्य विद्युत कार्यपालक को आवेदन देकर समस्या से अवगत कराया



**साहिबगंजः**सदर प्रखंड के महादेवगंज में बिजली के जर्जर तारों के कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।तार के क्षतिग्रस्त होने से आए दिन शॉर्ट सर्किट और तार जलने की घटनाएं हो रही हैं।जिससे बड़ी दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।भाजपा के साहिबगंज प्रखंड अध्यक्ष अनुराग राहुल के नेतृत्व मे ग्रामीणों ने मुख्य विद्युत कार्यपालक को आवेदन देकर समस्या से अवगत कराया है।आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव वाली लाइन का तार काफी पुराना और जगह-जगह से टूटा हुआ है।विगत कई दिनों से बिजली आपूर्ति बार-बार बाधित हो रही है। कभी हवा चलने पर तार आपस में टकरा जाता है तो कभी स्पार्किंग होने लगती है।ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द तार नहीं बदला गया तो जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है।ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द क्षेत्र में नया बिजली तार लगाया जाए ताकि ग्रामीणों को इस गंभीर समस्या से निजात मिल सके।वही मुख्य विद्युत कार्यपालक ने ग्रामीणों को जल्द से जल्द तार बदलने का आश्वासन दिया।मौके पर डंकल यादव,कृष्णा उपाध्याय,सुन्दर लाल यादव,प्रदीप यादब,सत्यदेव यादव,संजय यादव अभयानंद यादव,कालू यादव,राजेश यादव,नारद यादव सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### एक एक कार्य पुरे होगें- अमित महतो



**मुरी :** बिधायक अमित महतो द्वारा राम डेरा सिल्ली में सड़क मरम्मती निर्माण कार्य का आधारशिला रखा गया। जिसकी लागत सरसठ लाख रुपया है। रामडेरा हिरण पार्क के सामने कच्ची सड़क का मरम्मती निर्माण कार्य होना हैं। पिच रास्ता बनने की बात संवेदन ने बताई है।रांची मुरी मुख्य मार्ग से आई बी तक विशेष मरम्मती कार्य है।बिधायक की उपस्थिति में गाँव के बुजुरग महिला मो0 अलोचना देवी के हाथो से शिलान्यास करवाया गया। बिधायक ने महिला को फूल का गुलदस्ता देकर सम्मानित किए। इस मौके पर बिधायक ने कहा है आने वाले दिन एक एक कर सभी आवश्यकता को पुरा कर देगें , हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक सेवा मिले और सबको सुविधा हो।

---

मदर्स इंटरनेशनल स्कूल के छात्र अनुप कुमार ने रचा इतिहास

# वर्ल्ड स्कूल गेम्स के लिए किया क्वालीफाई




**संवाददाता**

**रांची :** मदर्स इंटरनेशनल स्कूल, जाहेर,(ब्राम्बे), रांची के दसवीं कक्षा के छात्र अनूप कुमार ने इतिहास रच दिया है। अनूप ने 45 किलोग्राम ग्रीको-रोमन वर्ग में आइएसएफ यू-18 वर्ल्ड स्कूल गेम्स 2026 (जिम्नासियाड), ब्राजील के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

**साथ ही दसवीं कक्षा की ही छात्रा :** प्रियंका कुमारी (40 किलोग्राम वर्ग) ने फाइनल कुश्ती में महाराष्ट्र के पहलवान के साथ हुए मुकाबले में कड़े संघर्ष के बाद द्वितीय स्थान पर रही। गौरतलब है कि अनूप ने रायपुर में आयोजित चयन ट्रायल (19-21 सितंबर) में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की की। अनूप कुमार के वर्ल्ड स्कूल गेम्स में क्वालीफाई होने पर मदर्स इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्या डॉ.रोमी झा, निदेशक अंबुज झा सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। यू-18 वर्ल्ड स्कूल गेम्स 2026 (जिम्नासियाड), ब्राजील के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

**साथ ही दसवीं कक्षा की ही छात्रा :** प्रियंका कुमारी (40 किलोग्राम वर्ग) ने फाइनल कुश्ती में महाराष्ट्र के पहलवान के साथ हुए मुकाबले में कड़े संघर्ष के बाद द्वितीय स्थान पर रही। गौरतलब है कि अनूप ने रायपुर में आयोजित चयन ट्रायल (19-21 सितंबर) में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की की। अनूप कुमार के वर्ल्ड स्कूल गेम्स में क्वालीफाई होने पर मदर्स इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्या डॉ.रोमी झा, निदेशक अंबुज झा सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

---

### अनवरत कीर्तन की 25वीं वर्षगांठ धूमधाम से संपन्न, नई कमेटी पर मंथन

## रजत जयंती का यह आयोजन आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का दिया संदेश

**संवाददाता**

**चतराः** जिले के इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर में कीर्तन मंडली द्वारा आयोजित अनवरत कीर्तन समारोह की 25वीं वर्षगांठ श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के माहौल में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य लोग शामिल हुए, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा।

समारोह के दौरान धार्मिक आयोजन को और अधिक भव्य और व्यवस्थित बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिला परिषद उपाध्यक्ष ने सभी से सक्रिय सहयोग की अपील करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न सिर्फ आस्था को मजबूत करते हैं, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे को भी बढ़ावा देते हैं।

वहीं मां भद्रकाली मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष यतेन्द्र सिंह चौहान ने आयोजन को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि अनवरत कीर्तन की परंपरा को आगे भी मजबूती से जारी रखा जाएगा।

कार्यक्रम में नई कमेटी के गठन को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। आयोजन को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए जिम्मेदारियों के बंटवारे और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा हुई।

इस दौरान श्रद्धालुओं के बीच गुड़-आटा से बने प्रसाद का वितरण किया गया, जिसे लोगों ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया। प्रसाद वितरण के समय भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में स्वामी निवास जी, पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला यादव, पूर्व शिक्षक रामचंद्र सिंह, हरिचंद्र प्रसाद सिंह, देव कुमार सिंह, सीताराम सिंह, श्याम प्रसाद सिंह, पूर्व प्रमुख ऋषिबाला सिंह, मनोज सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

---

अपर सत्र न्यायधीश पंचम पूर्णेन्दु शर्मा पहुंचे सशक्तिकरण शिविर में इटखोरी

## पढ़ाया कानून का पाठ , इनके वचनों से सभी हुए प्रभावित

**संवाददाता**

**चतरा :** जिले के इटखोरी प्रखंड कार्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि के रूप में अपर सत्र न्यायधीश पंचम पूर्णेन्दु शर्मा सशक्तिकरण शिविर में पहुंचे । कार्यक्रम का शुभारंभ अपर सत्र न्यायधीश पूर्णेन्दु शर्मा, जिला परिषद सदस्य श्रीमती सरिता देवी , राजद प्रखंड अध्यक्ष जागेश्वर यादव, बीडीओ सोमनाथ बांकिरा मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष रंजय भारती, सांसद प्रतिनिधि नगीन कुमार सिंह, पीएलवी पुनम देवी, आरती देवी, अशोक कुमार प्रजापति, संगीता देवी,पंकज कुमार बाल विकास परियोजना सुपरवाइजर संगीता ,आजीविका से नीतू सिंह, राधा कुमारी, कंचन देवी, किरण देवी , प्रमिला कुमारी, शांति देवी जनसेवक प्रभाकर वर्मा मनीष कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया । इस मौके पर अपर सत्र न्यायधीश पूर्णेन्दु शर्मा ने उपस्थित लोगों को उनके अधिकार व कर्तव्यों की जानकारी देते हुए ईमानदारी पूर्वक कार्य करने को कहा इस दौरान उन्होंने इंश्योरेंस क्लेम,भूमि विवाद ,पारिवारिक कलह समेत कानून की जानकारी दी । उन्होंने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में गुजर-बसर कर रहे असहाय लोगों को अपने हक अधिकार को जानने का मौका मिल रहा है । जिला विधिक सेवा प्राधिकार घर घर जाकर लोगों को कानून की जानकारी देने का काम कर रहे हैं। सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को हरसंभव मदद करने के लिए हमेशा तत्पर है, ताकि समाज का कोई भी व्यक्ति सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रह सके। अधिकार के साथ कर्तव्य का भी होना जरूरी है। भाषा मनुष्य की सबसे बड़ी समस्या है, आपकी जीवन में सबसे बड़ी कीमती चीज आपकी भाषा है। कार्यक्रम में उपस्थित लोग उनके बातों से काफी प्रभावित हुए इस दौरान उनके हाथों से विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन व विकलांग पेंशन वितरित करवाया गया । इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग ,बाल विकास परियोजना, अंचल ,जी राम जी , आजीविका समेत अन्य स्टॉल भी लगाये गये । स्वास्थ्य विभाग की टीम में एएनएम डैजी, सतवीर, आमिर खान उपस्थित थे।

---

## चतरा में 15 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार राजस्व उप निरीक्षक सतीश प्रसाद निलंबित



**संवाददाता**

**चतरा :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग की ट्रैप कार्रवाई में 15 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार चतरा अंचल कार्यालय के राजस्व उप निरीक्षक सतीश प्रसाद को निलंबित कर दिया गया है।प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग की ट्रैप टीम ने भ्र०नि० हजारीबाग थाना कांड संख्या-09/26, दिनांक 14.09.2026 के तहत कार्रवाई करते हुए चतरा अंचल के हल्का-श्क्क में पदस्थापित राजस्व उप निरीक्षक सतीश प्रसाद को शिकायतकर्ता तुलसी यादव से 15,000 रुपये रिश्वत लेते हुए 15 सितंबर 2026 को गिरफ्तार किया था। यह कार्रवाई भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (यथा संशोधित 2018) की धारा 7( ) के तहत दर्ज मामले में की गई।गिरफ्तारी के बाद सक्षम प्राधिकारी द्वारा झारखंड सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2016 के नियम-9(2)(क) के तहत सतीश प्रसाद को 15 सितंबर 2026 से अगले आदेश तक निलंबित किया गया है।निलंबन अवधि के दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। यह भुगतान झारखंड सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2016 के नियम-10 के प्रावधानों के अनुरूप किया जाएगा।कारावास से मुक्त होने के बाद श्री सतीश प्रसाद को जिला स्थापना शाखा, चतरा में योगदान करना होगा। जिला प्रशासन द्वारा सरकारी कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति के तहत नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

---

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छता एवं संक्रमण रोकथाम को लेकर नगर परिषद की विशेष पहल

## पानी घटते ही प्रभावित वार्डों में चूना ब्लीचिंग पाउडर का व्यापक छिड़काव

**संवाददाता**



**साहिबगंजः**बाढ़ का पानी कम होने के साथ ही साहिबगंज नगर परिषद द्वारा शहरी क्षेत्र में स्वच्छता एवं संक्रमण की रोकथाम को लेकर विशेष अभियान तेज कर दिया गया है।बाढ़ प्रभावित वार्डों मोहल्लों में नगर परिषद के कर्मियों द्वारा नियमित रूप से चूना एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है।नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि बाढ़ के बाद जलजमाव एवं नमी वाले क्षेत्रों में संक्रमण फैलने की आशंका को देखते हुए नगर परिषद की टीम द्वारा प्रतिदिन प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार चूना और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है।साथ ही प्रभावित इलाकों में स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त रखने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखना नगर परिषद की प्राथमिकता है।बाढ़ के बाद उत्पन्न परिस्थितियों में किसी भी प्रकार के संक्रमण के खतरे को न्यूनतम करने तथा नागरिकों को स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।नगर परिषद द्वारा आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखें,जलजमाव वाले स्थानों पर अनावश्यक रूप से न जाएं तथा किसी भी प्रकार की गंदगी अथवा स्वास्थ्य संबंधी समस्या की सूचना संबंधित नगर परिषद कर्मियों को दें।मौके पर संजीत हरी,छोटे हरी,रंजीत हरी,कालिया हरी,पंकज मल्लिक,शिव हरी,आयुष कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

---

## पेयजल और स्वच्छता समिति की बैठक में जल जीवन मिशन की योजनाओं की समीक्षा



**साहिबगंजः**उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में पेयजल और स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना, बल्क वाटर सप्लाई योजना एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना सहित अन्य संबंधित योजनाओं की वर्तमान स्थिति, कार्य प्रगति एवं क्रियान्वयन से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई।उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यकारी एजेंसियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाते हुए सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में योजनाओं के प्रभावी अनुश्रवण लंबित कार्यों के शीघ्र निष्पादन तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को लेकर भी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा,कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग शशि शेखर सिंह संबंधित सहायक अभियंता, कनिय अभियंता व अन्य उपस्थित थे।

---

## प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश को किया सम्मानित




**साहिबगंजः** प्रधान और जिला सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार का झारखंड उच्च न्यायालय रांची में न्यायमूर्ति के पद पर पदोन्नति होने को लेकर जिला अधिवक्ता संघ साहिबगंज के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया.उक्त अवसर पर प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार को फूल माला और पुष्पगुच्छ देखकर सम्मानित किया गया।वही अधिवक्ताओं ने शॉल एवं धार्मिक पुस्तक के प्रदान किया.इस मौके पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ललित स्वदेशी,सचिव विजय करन, पूर्व अध्यक्ष प्रेमनाथ तिवारी,उपाध्यक्ष गौतम प्रसाद सिंह दारा,बरीय अधिवक्ता देवनारायण यादव बीएन ओझा,सूर्यनारायण यादव संजय जयसवाल,शिव शंकर प्रसाद, लालबाबू यादव विदाई समारोह को संबोधित किया.उक्त कार्यक्रम के बाद भोज का आयोजन की गई थी.उक्त मौके पर साहिबगंज के सभी न्यायिक पदाधिकारी गण एवं संघ के अधिवक्ता गण भोज में सम्मिलित हुए।मौके पर मुनीलाल मंडल,अरविंद राय,अमरेंद्र मोहंती,विवेक कुमार, अजय वर्मा,मंजर राजा,तारीफ जफर संजू सिंह',पन्नालाल सुनील कुमार, उमाशंकर प्रसाद,कुमार अभ्युदय झा, ज्योति प्रकाश ओझा,अशोक यादव,चंदन चौधरी,देवेंद्र चौधरी, विवेक कुमार जितेंद्र मालाकार अरुण सिंह',सुजीत मंडल,संजय देव भानु प्रताप शील,दिलीप झा मानव पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी की पहल

# गंभीर हृदय रोग पीड़ित 25 बच्चों को नि:शुल्क सर्जरी के लिए भेजा कोच्चि

**संवाददाता**

**रांची:** झारखंड के गरीब परिवारों के बच्चों के दिल में छेद और जन्मजात हृदय रोग के साथ जीवन नहीं जीना पड़ेगा। सरकार की पहल पर अब उनका इलाज निशुल्क होगा।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी की पहल से राज्य के 25 गरीब बच्चों का दूसरा बैच आज सोमवार को केरल के कोच्चि के लिए हटिया रेलवे स्टेशन से रवाना किया गया। जहां इन बच्चों का अत्याधुनिक हृदय उपचार एवं जटिल सर्जरी कोच्चि स्थित अमृता अस्पताल में किया जाएगा।

इन बच्चों के इलाज का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी और प्रत्येक बच्चे के उपचार पर लगभग 10 लाख रुपये तक का खर्च होगा। स्वास्थ्य विभाग और झारखंड सरकार के इस पहल से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को अपने बच्चों के महंगे इलाज की चिंता से मुक्ति मिली है।

**गरीब बच्चों के इलाज को बनाया प्राथमिकता :** राजधानी के हटिया रेलवे स्टेशन से इन बच्चों को कोच्चि के लिए रवाना करने खुद स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी स्टेशन पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दिल में छेद जैसी जन्मजात बीमारी का इलाज और ऑपरेशन बेहद जटिल एवं महंगा होता है। गरीब परिवारों के लिए लाखों रुपये जुटाना लगभग असंभव होता है। आर्थिक मजबूरी के कारण कई बच्चे समय पर इलाज नहीं करा पाते और बीमारी धीरे-धीरे गंभीर होती जाती है।

मंत्री ने कहा कि गरीब परिवार के बच्चों को पैसे के अभाव में इलाज से वंचित न होना पड़े, इसी उद्देश्य से यह पहल शुरू की गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में झारखंड में सुपर स्पेशियलिटी स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर जिस स्तर पर काम होना चाहिए था, वह नहीं हो पाया, इसका सबसे अधिक असर गरीब परिवारों पर पड़ा। उन्होंने कहा कि जब वे विधायक थे, तभी उन्होंने संकल्प लिया था कि स्वास्थ्य विभाग में काम करने का अवसर मिला तो गरीब और जरूरतमंद बच्चों के इलाज को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल करेंगे। आज उसी संकल्प को धरातल पर उतारने का काम किया जा रहा है।

**पहले बैच के बच्चों का सफल इलाज, अब दूसरे बैच की बारी :** डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि इस पहल के तहत बच्चों का एक बैच कोच्चि भेजा गया था। वहां उनका सफलतापूर्वक इलाज और ऑपरेशन हुआ तथा वे स्वस्थ होकर वापस लौट आए हैं। उन्होंने कहा कि आज 25 बच्चों के दूसरे बैच को कोच्चि भेजा जा रहा है, सरकार और उनका



प्रयास है कि झारखंड के किसी भी गरीब बच्चे को पैसे के अभाव में बेहतर इलाज से वंचित न होना पड़े। उन्होंने कहा कि बच्चों की जिंदगी बचाना और उन्हें स्वस्थ भविष्य देना ही इस पहल का मूल उद्देश्य है।

**मेरी प्राथमिकता जान बचाना और बच्चों को नया जीवन देना है :** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि मेरी प्राथमिकता इन बच्चों की जान बचाना है, बच्चे को नया जीवन देना है। मेरे छोटे से प्रयास से अगर किसी बच्चे की जिंदगी बचती है और किसी गरीब मां-बाप के चेहरे पर मुस्कान आती है, तो इससे बड़ी उपलब्धि मेरे लिए कुछ नहीं हो सकती।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया है कि ऐसे जरूरतमंद बच्चों की पहचान कर उन्हें बेहतर से बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जाए। उनका प्रयास है कि इलाज की सुविधा हर उस परिवार तक पहुंचे, जो आर्थिक कमजोरी के कारण अपने बच्चे का महंगा इलाज कराने में सक्षम नहीं है।

**जनप्रतिनिधियों से स्वास्थ्य मंत्री की अपील :** मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने राज्य के सभी सांसदों, विधायकों और जनप्रतिनिधियों से अपील की कि यदि उनकी पंचायत, गांव या क्षेत्र में कोई ऐसा बच्चा है जिसके दिल में छेद है या वह गंभीर जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित है और उसका परिवार इलाज कराने में आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है, तो ऐसे बच्चों की जानकारी स्वास्थ्य विभाग तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ऐसे बच्चों के इलाज की पूरी जिम्मेदारी उठाएगी।

**इस वर्ष 100 बच्चों के इलाज का लक्ष्य- स्वास्थ्य मंत्री :** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि जब से मैंने स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी संभाली है, मेरा प्रयास रहा है कि झारखंड के किसी भी गरीब बच्चे को पैसे के अभाव में इलाज से वंचित न होना पड़े। दिल में छेद जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चों के माता-पिता को दूसरे राज्यों में जाकर लाखों रुपये खर्च करने पड़ते थे।अब झारखंड सरकार ऐसे बच्चों का इलाज पूरी तरह निःशुल्क कराएगी। उन्होंने बताया कि कोच्चि के अमृता अस्पताल के साथ स्वास्थ्य विभाग का सहयोग स्थापित हुआ है, इसके तहत लगभग 100 बच्चों को उपचार के लिए भेजने का लक्ष्य रखा गया है।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी की पहल से गरीब बच्चों को अत्याधुनिक हृदय उपचार उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग नई तकनीक, नए एजेंडे और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के साथ आगे बढ़ रहा है। गरीब बच्चों को अत्याधुनिक उपचार उपलब्ध कराकर उन्हें स्वस्थ जीवन की ओर ले जाना विभाग की महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इन बच्चों के इलाज के लिए उनके परिवार को अपनी जेब से एक रुपये भी खर्च नहीं करना होगा।

**मंत्री की संवेदनशील पहल से विभाग को नई दिशाः शशि प्रकाश झा :** इस अवसर पर एनएचएम के झारखंड अभियान निदेशक एमडी, एनएचएम शशि प्रकाश झा ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी की संवेदनशीलता और दूरदर्शी सोच से स्वास्थ्य विभाग को जरूरतमंद लोगों के लिए और बेहतर काम करने की प्रेरणा मिल रही है। उन्होंने कहा कि जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को समय पर अत्याधुनिक उपचार उपलब्ध कराना विभाग की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में शामिल है और इस अभियान को आगे भी जारी रखा जाएगा।

## धुर्वा में विवाद के बाद टेंपो चालक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**रांची :** धुर्वा थाना क्षेत्र के सेक्टर-2 स्थित शहीद मैदान के पास सोमवार की रात विवाद के बाद हुई मारपीट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान चुटिया निवासी सोमनाथ राय के रूप में हुई है। वह टेंपो चलाने का काम करता था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, सोमवार रात करीब 8 बजे सोमनाथ राय का किसी बात को लेकर एक व्यक्ति से विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान दूसरे व्यक्ति ने पास में रखी लकड़ी उठाकर सोमनाथ के सिर पर वार कर दिया।

सिर पर गंभीर चोट लगने के बाद सोमनाथ मौके पर ही गिर गए। स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए गुरु नानक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलने के बाद धुर्वा थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे उउळश कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसके आधार पर आरोपी की पहचान की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



नाम–मो0 सउद उर्फ गुड्डु, उम्र–39 वर्ष, ऊँचाई–5 फीट 5 ईंच, रंग–सॉवला, पहनावा–पिंक टी शर्ट पर फुल का छाप एवं ग्रे रंग का ट्रोजर पहने हुए है।

उपरोक्त लापता व्यक्ति मो0 सउद उर्फ गुड्डु, उम्र–39 वर्ष, पिता–स्व0 जियाउल रहमान, सा0–अब्दुल करीम लेन पुरानी राँची मस्जिद, थाना–कोतवाली, जिला–राँची जो दिनांक–23.06.2026 को अपने घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जिसके संबंध में कोतवाली थाना सनहा सं0–27/2026, दिनांक–15.09.2026 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलता/दिखता है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**(Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)**

पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली, राँची। –9431770077
थाना प्रभारी, कोतवाली, राँची। –9431706158
आवेदिका तरन्नुम खातुन। –9304067106

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।


PR 390249 (Police) 26-27 (D)

## अंजुमन अस्पताल में अब विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं, 23 व 28 सितंबर को विशेष कैंप



**रांची :** अंजुमन इस्लामिया अस्पताल, रांची में मरीजों को बेहतर और विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में अस्पताल प्रबंधन ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं। अस्पताल की कार्यकारिणी की विशेष बैठक अध्यक्ष मोखतार अहमद की अध्यक्षता में हुई, जिसमें विभिन्न चिकित्सा सेवाओं को विस्तार देने पर चर्चा की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. नजीब अहमद (टइइर, टऊ उ्ट) की सेवा अस्पताल में शुरू की जायेगी। डॉ. नजीब प्रत्येक दिन गुरुवार और शनिवार को छोड़कर शाम 6 से 8 बजे तक मरीजों को अपनी सेवाएं देंगे। वहीं, प्रसिद्ध नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. अजय कुमार शर्मा (टइइर, टर, उ्ळइ, ऋ्र्रळ्रर) प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह में अंजुमन अस्पताल में मरीजों को परामर्श देंगे। अस्पताल में उनका विशेष चिकित्सा कैंप 23 सितंबर को आयोजित किया जायेगा। किडनी रोग से पीड़ित मरीज कैंप में विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श ले सकेंगे। इसके अलावा रोबोटिक कार्डियक सर्जन डॉ. करण बंसल का विशेष एकदिवसीय कैंप 28 सितंबर को अंजुमन अस्पताल में आयोजित होगा। हृदय रोग से पीड़ित मरीज इस कैंप में विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श ले सकेंगे। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार दोनों विशेषज्ञ दिल्ली के बड़े अस्पतालों से जुड़े हैं। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि इन विशेषज्ञों की सेवाओं के लिए बाहर 5,000 रुपये से अधिक तक फीस देनी पड़ सकती है, जबकि अंजुमन अस्पताल में मरीजों से मात्र 100 रुपये पंजीयन शुल्क लिया जायेगा। मरीजों से विशेष कैंप के लिए जल्द पंजीयन कराने की अपील की गयी है। इसके साथ ही अस्पताल में जल्द ही ईएनटी, आईज और डेंटल यूनिट शुरू करने का भी निर्णय लिया गया है। प्रबंधन का कहना है कि इन सुविधाओं के शुरू होने से रांची और आसपास के मरीजों को एक ही जगह पर विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।मौके पर अस्पताल प्रबंधन के सुपरिटेंडेंट मोकीम आलम, उपाध्यक्ष जाहिद अहमद, मास्टर शाहिद, मोहम्मद खालिक समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## श्री श्री सर्बोजनिन दुर्गा पूजा समिति का खूंटी पूजा विधि-विधान के साथ संपन्न



**रांची।** शारदीय महोत्सव को लेकर साइड 5 स्थित श्री श्री सर्बोजनिन दुर्गा पूजा समिति की ओर से आज उत्साहपूर्ण माहौल में भूमि एवं खूंटी पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रधान पुजारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और पूरे विधि-विधान के साथ पूजा पंडाल के निर्माण की नींव रखी गई, जिसके साथ ही क्षेत्र में दुर्गा पूजा की तैयारियों का आधिकारिक शुभारंभ हो गया है। समिति के प्रवीण सिंह चौहान ने जानकारी दी कि कार्यक्रम के दौरान समिति के सभी सक्रिय सदस्यों और स्थानीय श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा के साथ खूंटी पूजा अनुष्ठान में भाग लिया। भूमि पूजन के बाद बांस गाड़कर (खूंटी पूजन) पंडाल निर्माण कार्य का श्रीगणेश किया गया। इस पवित्र अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने माँ दुर्गा से क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और आपसी सौहार्द की कामना की। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष भी पूजा को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए कई विशेष तैयारियां की जा रही हैं। पंडाल की सजावट, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था (लाइटिंग) और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर रूपरेखा तैयार की जा रही है, ताकि क्षेत्रवासियों को माँ के दर्शन और पूजन में किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी मिलकर इस महापर्व को हर्षोल्लास के साथ मना सकें। पूजन कार्यक्रम में समिति के सभी सक्रिय सदस्य एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूजा पंडाल निर्माण की आधारशिला रखते हुए साइट 5 कॉलोनी में रहने वाले सभी परिवारों से अनुरोध किया गया है कि आज से पूजा पंडाल के सामने सुबह शाम समीति के लोगों के बीच स्वेच्छा से बढ़ती मंहगाई को देखते हुए अच्छे पूजा आयोजन के लिए बढ़ चढ़ कर आर्थिक सहयोग प्रदान करें।

### रांची एसएसपी से मिला चैंबर शिष्टमंडल

## आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति से जुड़े तीन पहिया मालवाहक वाहनों को नो-एंट्री में प्रवेश की मांगी अनुमति



**संवाददाता**

**रांची:** त्योहार को देखते हुए शहरी क्षेत्र में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में लगे तीन पहिया मालवाहक वाहनों को नो-एंट्री के समय प्रवेश की अनुमति देने की मांग चैंबर ने की है।

इसी मुद्दे को लेकर फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने आज सोमवार को राकेश रंजन वरीय पुलिस अधीक्षक रांची से मुलाकात की। चैंबर अध्यक्ष तुलसी महतो के नेतृत्व में एसएसपी राकेश रंजन के समक्ष पहुंचा शिष्टमंडल ने इस दौरान कहा कि सुबह और शाम में दो-दो घंटे की नो-एंट्री व्यवस्था के कारण आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति से जुड़े छोटे मालवाहक वाहनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

चैंबर अध्यक्ष तुलसी पटेल ने कहा कि अभी त्योहारों का समय भी समीप है आवश्यक है कि शहर में सप्लाई चेन निर्बाध रूप से बनी रहे। उन्होंने बताया कि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में लगे ऐसे वाहनों को निर्धारित शर्तों एवं रूट के अनुरूप कम से कम शाम के समय नो-एंट्री अवधि में प्रवेश एवं परिचालन की अनुमति दिया जाना हितकर होगा।

**शाम 5 से 7 बजे की नो-एंट्री समय में छूट की मांग :** झारखंड चैंबर शिष्टमंडल के मुलाकात के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक ने यह जानना चाहा कि शाम 5 से 7 बजे की नो-एंट्री अवधि में मालवाहक वाहनों की किन-किन मार्गों पर अधिक आवाजाही अथवा यातायात का दबाव रहता है।

### इद्रीसिया मरकजी 84 पंचायत चुनाव : पांच उम्मीदवार मैदान में, युवा वोटरों की खामोशी ने बढ़ायी बेचैनी

## 27 सितंबर को होना है चुनाव, अध्यक्ष पद के लिए जीत का दावा कर रहे सभी प्रत्याशी

**संवाददाता**

**रांची :** इद्रीसिया मरकजी 84 पंचायत के चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गयी है। 27 सितंबर को होने वाले चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव और कोषाध्यक्ष पद को लेकर उम्मीदवारों के बीच जोर-आजमाइश शुरू हो गयी है। अध्यक्ष पद के लिए पांच उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें मुनव्वर हुसैन भुट्टो, सज्जाद इदरीसी, परवेज आलम, मोहम्मद मेराज उद्दीन और मोहम्मद इस्लाम शामिल हैं। सभी उम्मीदवार अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं, लेकिन मतदाताओं ने अब तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। अध्यक्ष पद के मुकाबले को लेकर



संगठन के भीतर अलग-अलग तरह के कयास लगाये जा रहे हैं। कहीं इसे त्रिकोणीय मुकाबला बताया जा रहा है, तो कहीं अंतिम समय में समीकरण बदलने की संभावना जतायी जा रही है। खास बात यह है कि युवा मतदाताओं की चुप्पी ने उम्मीदवारों की बेचैनी बढ़ा दी है। युवा वोटर किसके पक्ष में जाएंगे, इसे लेकर फिलहाल तस्वीर साफ नहीं है। यही वजह है कि उम्मीदवार लगातार मतदाताओं से संपर्क साधने और अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हैं। चुनाव की तारीख नजदीक आने के साथ ही बैठकों, मुलाकातों और व्यक्तिगत संपर्क का दौर तेज हो गया है। प्रत्याशी अपनी प्राथमिकताओं और संगठन के भविष्य को लेकर मतदाताओं के बीच पहुंच रहे हैं। अब देखना यह है कि मतदान के दिन मतदाताओं का रुझान किसके पक्ष में जाता है और अध्यक्ष पद की बाजी कौन अपने नाम करता है।

**Government of Jharkhand**
**Urban Development and Housing Department**
**Nagar Panchayat Bundu**

**e-Procurment Notice (Tenders Notice call)**
**Short Notice**

| S.I. | Tender id | Name of work | Amount | Earnest Money | Tender Fee | Completion Of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDD/NIT/BNP/ESR /0 08/2026-27 | Bundu Urban Water Supply Scheme Phase II Bundu Under Nagar Panchayat | 10806163.00 | 216123.00 | 10000.00 | 12 Months |
| 3 | Date Of Publication Of Tender On Website | | 25-09-2026 AT 10:00 AM | | | |
| 4 | Mode Of Submission Of Bids | | E-Tendering .....http//:Jharkhandtenders.gov.In | | | |
| 5 | Date Start Of Submission Of Bids | | 25-09-2026 AT 10:00 AM | | | |
| 6 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | | 08-10-2026 AT 02:00 PM | | | |
| 7 | Date Of Bid Opening | | 09-10-2026 AT 03:00 PM | | | |
| 8 | Last Date/Time Of Submission Cost of BOQ, Earnest Money And Tender Document | | 08-10-2026 AT 02:00 PM | | | |
| 9 | Name & Address Of Office Inviting Ten der | | NAGAR PANCHAYAT BUNDU | | | |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in& Notice Board office of the Nagar Panchayat Bundu.

Executive Officer
Nagar Panchayat Bundu

PR 390282 (Urban Development)26-27*D

**कार्यालय गुमला नगर परिषद, गुमला**
जिला – गुमला, झारखण्ड – 835207
ई.मेल – nagarparishadgumla@gmail.com
वेबसाईट – https://udhd.jharkhand.gov.in/ULB/Gumla/Gumla.aspx

**आम–सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर परिषद, गुमला क्षेत्रान्तर्गत नगर परिषद, गुमला के स्वामित्व वाली कई दुकानों का किराया बकाया है, संबंधित किरायेदारों को पूर्व मे भी अखबार एवं कार्यालय सूचना पट के माध्यम से बकाया जमा करने हेतु समय दिया गया था। परंतु उनके द्वारा अबतक बकाया राशि जमा नहीं किया गया है, जिसके कारण कार्यालय को राजस्व के संग्रहण में कठिनाई हो रही है। अतः उक्त दुकानदारों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देश दिया जाता है कि दिनांक 30.09.2026 तक अनिवार्य रूप से बकाया किराया का भुगतान करते हुए एकरारनामा करा लें। अन्यथा आपके पूर्व के एकरारनामा को रद्द करते हुए स्वतः नये आवेदक को दुकान आवंटित कर दिया जायेगा। बकायेदारों की सूची निम्नवत है :–

| क्र०सं० | बकायेदार का नाम | दुकान सं० | क्र०सं० | बकायेदार का नाम | दुकान सं० |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री मनोज कुमार केशरी | 03/F | 20 | श्री आकाश कुमार गुप्ता | B-75 |
| 02 | श्री दीपक कुमार केशरी | 10/B | 21 | श्री अशोक कुमार सिंह | 11 |
| 03 | श्री निखिल कुमार | 3/C | 22 | श्री राजेश कुमार गुप्ता | 12 |
| 04 | श्री शुभम कुमार | 13/C | 23 | श्री शिव प्रसाद साहु | 17 |
| 05 | श्री अनन्त कुमार जायसवाल | 17/C | 24 | श्री अजय कुमार गुप्ता | 18 |
| 06 | श्री वासिम राजा | सेट III/09 | 25 | श्री विकास कुमार | TC-4 |
| 07 | श्री दीपक कुमार केशरी | 04 | 26 | श्री पिन्दु चौरसिया | BS-02 |
| 08 | श्री भीम सिंह | 05 | 27 | श्री राजीव कुमार सिन्हा | BS-4 |
| 09 | श्री चरकु सिंह | 06 | 28 | श्री हरदीप सिंह | BG-7 |
| 10 | श्री बृजमोहन पाठक | 08 | 29 | श्री विकास कुमार गुप्ता | BS-08 |
| 11 | श्री बिसेश्वर गोप | 09 | 30 | श्रीमती प्रीती गुप्ता | BG-04 |
| 12 | श्री सुशील कुमार सिंह | 10 | 31 | श्री कृष्णा कुमार | 23 |
| 13 | श्री महेश्वर दास गोस्वामी | 11 | 32 | श्री संतोश कुमार गुप्ता | 24 |
| 14 | श्री गणेश वर्मा | 12 | 33 | श्री फिरोज आलम | 28 |
| 15 | श्री अमर तिर्की | 13 | 34 | श्री सुबोध कुमार | 32 |
| 16 | श्री जेम्स बाड़ा | 18 | 35 | श्री मनोज कुमार ठाकुर | B-109 |
| 17 | श्री गंगा राम भगत | 01 | 36 | श्री शिवम कुमार भारद्वाज | J-14 |
| 18 | श्री इमरान अंसारी | B-25 | 37 | श्रीमती स्नेहलता | O-1 |
| 19 | श्री अशोक कुमार गुप्ता | 19 | 38 | श्री संजय लोहरा | 5/C |

उपरोक्त बकायेदारों के अलावा सभी आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी बकायेदार के द्वारा ससमय किराया जमा करते हुए एकरारनामा नहीं किया जाता है, तो उक्त दुकान का एकरारनामा रद्द कर दिया जायेगा। जिसके फलस्वरूप तत्संबंधी दुकानों का पुनः नये सिरे से आवंटन किया जायेगा।

अधिक जानकारी के लिए नगर परिषद कार्यालय, पालकोट रोड, गुमला में कमरा संख्या 19 में संपर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
गुमला नगर परिषद, गुमला।

PR 390326 (District) 26-27 (D)

## सूक्ति

सबसे प्रेम करो, कुछ पर विश्वास करो
अन्याय किसी के साथ मत करो : शेक्सपियर

## आत्महंता होनहार

**राजस्थान** के कोटा से एक और दुखद खबर आई। मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारी कर रही 20 वर्षीय छात्रा ने फंदा लगाकर जान दे दी। इसके अलावा विचलित करने वाली यह खबर भी है कि पिछले पांच सालों में देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थान आईआईटी में 70 होनहारों ने आत्महत्या की। गंभीर चिंता यह भी कि जुलाई से शुरू हुए सत्र में अब तक आईआईटी के तीन और आईआईएम का एक छात्र आत्महत्या कर चुका है। वहीं आईआईएससी बंगलूरु में भी पंद्रह दिन में दो छात्रों ने आत्मघात किया है। विडंबना यह है कि इन आंकड़ों में देश के अन्य शिक्षण संस्थानों के आत्मघात के मामले शामिल नहीं किए जाते हैं। जिससे देश में आत्महत्या करने वाले छात्रों की वास्तविक तस्वीर सामने नहीं आ पाती। यह अकल्पनीय है कि जिन इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिला लेना छात्रों का सपना होता है, वहां पहुंचकर कोई छात्र आत्महत्या क्यों कर लेता है? विचारणीय प्रश्न है कि आखिर ये छात्र आत्मघाती कदम क्यों उठा रहे हैं? क्या वे इंजीनियरिंग आदि के पाठ्यक्रम के साथ साम्य नहीं बैठा पाते? क्या सिस्टम की खामियां उन्हें हताश करती हैं? क्या ग्रामीण पृष्ठभूमि से आए हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं के छात्र अंग्रेजी के पाठ्यक्रम के साथ तालमेल नहीं बैठा पाते हैं? अक्सर चर्चा होती है कि उच्च इंजीनियरिंग संस्थानों में देश के चर्चित व महंगे अंग्रेजी स्कूलों से आए छात्रों द्वारा भाषा,जाति, ग्रामीण पृष्ठभूमि तथा आर्थिक स्तर पर अन्य छात्रों के साथ भेदभाव किया जाता है। आरोप है कि अंग्रेजी माध्यम से आये छात्र हिंदी व क्षेत्रीय भाषाओं से पढ़ाई करके आए छात्रों को हेय दृष्टि से देखते हैं। आरोप तो यहां तक हैं कि कुछ शिक्षक भी ऐसे छात्रों के प्रति दुराग्रह रखते हैं। कमोबेश ऐसी चिंताएं ग्रामीण पृष्ठभूमि व वंचित समाज से आए छात्रों को लेकर भी सामने आती हैं। नये छात्रों को परिसर तथा छात्रावासों में भेदभाव जैसी समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। फलतः इन छात्रों का आत्मविश्वास डिगता है। कालांतर वे अपनी कक्षाओं की पढ़ाई के साथ साम्य नहीं बना पाते व हताशा में आत्मघात की राह चुनते हैं।

इंजीनियरिंग व प्रबंधन से जुड़े देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या की बढ़ती घातक प्रवृत्ति के मद्देनजर सरकार ने मामले की पड़ताल के लिए पिछली जनवरी में तीन सदस्यीय समिति गठित की थी। इस समिति ने भी स्वीकार किया था कि व्यवस्था में कुछ खामियां जरूर हैं, जिसके चलते छात्र आत्मघात के लिये बाध्य होते हैं। दरअसल, कुछ छात्र शिक्षा व्यवस्था, सामाजिक, आर्थिक व पारिवारिक आकांक्षाओं के बोझ के साथ अध्ययन कर रहे होते हैं। जिससे उनके मन में यह भय पैदा हो जाता है कि क्या वे अपने जीवन के लक्ष्य हासिल भी कर पाएंगे? बड़ी संख्या में मध्यमवर्गीय, गरीब परिवारों व वंचित समाज की प्रतिभाएं खून-पसीना एक करके इन संस्थानों में दाखिला लेती हैं। उन पर मानसिक दबाव होता है कि परिवार ने पेट काटकर और कर्ज आदि लेकर उन्हें महंगे इंजीनियरिंग व प्रबंधन संस्थानों में दाखिला दिलाया है। यदि वे असफल हुए तो परिवार को क्या मुंह दिखाएंगे? दूसरा, हमारे समाज में इंजीनियर, प्रबंधक व डॉक्टर बनने की भेड़चाल चल रही होती है। ईश्वर हर बच्चे की रचना उसके विशिष्ट गुण के साथ करता है। जरूरी नहीं है कि इंजीनियरिंग में दाखिला लेने वाले हर छात्र की रुचि इंजीनियरिंग में ही हो। कोई छात्र मानविकीय संकाय की प्रतिभा हो सकता है। इंजीनियरिंग, उसकी रुचि व मन का विषय नहीं हो सकता, जिसके चलते वो पूरे मनोयोग से इस पाठ्यक्रम से साम्य नहीं बैठा पाता। आज सोशल मीडिया की विकृतियां तमाम छात्रों की एकाग्रता को बाधित कर रही हैं। सोशल मीडिया उनमें हताशा व आवेश भर रहा है। नये वातावरण से साम्य न बैठा पाने व अन्य कारणों से छात्र मानसिक तनाव में आ जाते हैं। विडंबना यह है कि अधिकांश संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ नहीं हैं। बताया जाता है कि केवल दस फीसदी संस्थानों में ऐसी व्यवस्था है। अन्य संस्थानों में जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञों को बुलाया जाता है। दरअसल,भारत में मानसिक समस्याओं पर डॉक्टर से सलाह लेने में बचा जाता है। छात्रों की चिंता होती है कि कहीं शिक्षक, छात्र व परिवार के लोग उन्हें मनोरोगी न घोषित कर दें। निश्चित ही देश की इन प्रतिभाओं को असमय काल-कवलित होने से बचाने की सख्त जरूरत है।

## एक खत्म, दूसरा शुरू

**झारखंड** में करीब 25 दिन तक चले छात्र आंदोलन के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को विवादित कंपनी टीडीपीएल के संचालन में हुई जेपीएससी-14, जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षाओं को रद्द करने की घोषणा की। साथ ही घोषणा कर दी कि जेपीएससी 11 व 13 की भी जांच की जाएगी। इसके अलावा परीक्षाओं के घोषित परिणाम भी रद्द करने का ऐलान कर दिया गया। यानी टीडीपीएल के माध्यम से जो भी अभ्यर्थी चुने गए, उनका चयन भी रद्द कर दिया गया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने सचिवालय में ग्यारह मंत्रियों के साथ इस मुद्दे पर व्यापक विमर्श किया। छात्र आंदोलन के दबाव में काम कर रही राज्य सरकार की कैबिनेट बैठक करीब साढ़े चार घंटे तक चली। दरअसल, छात्रों के कई खेमे अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत थे। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार जिन परीक्षाओं को रद्द किया गया,उनमें चौदहवीं जेपीएससी सिविल सेवा रेगुलर, जेपीएससी बैकलॉग 2023, जेपीएससी बैकलॉग 2025, फॉरेस्ट रेंज अफसर, सहायक वन संरक्षक और सिविल जूनियर आदि की नियुक्तियां शामिल हैं। दरअसल, इन परीक्षाओं का संचालन जेपीएससी के माध्यम से किया गया। वहीं दूसरी ओर सीजीएल परीक्षा से चयनित 1975 लोगों की नौकरियां भी अब समाप्त मानी जाएंगी। सरकार ने वायदा किया है कि वर्ष 2014 के बाद हुई सभी नियुक्ति परीक्षाओं की जांच भी की जाएगी। यह जांच कार्य एक न्यायिक आयोग करेगा। बाकायदा एक आईएएस अधिकारी की अध्यक्षता में सुधारों के लिये एक कमेटी भी बनायी गई है। हालांकि, कुछ आंदोलनकारी छात्र सीबीआई जांच की मांग पर अड़े हैं। हालांकि, सरकार की घोषणा के बाद छात्रों का आंदोलन तो खत्म हो गया, लेकिन इस घोषणा के बाद सचिवालय परिसर में उन नियुक्त प्रतिभागियों की भीड़ जुट गई, जो जेएसएससी के माध्यम से परीक्षा उतीर्ण करके नौकरी हासिल कर चुके थे। सरकार की घोषणा के तुरंत बाद विभिन्न चयनित प्रतिभागियों का हुजूम सचिवालय में जमा होना शुरू हुआ। उनके लिये यह खबर स्तब्ध करने वाली थी। उनका दुख और गुस्सा स्वाभाविक ही है। बहरहाल, अब राज्य सरकार के खिलाफ झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा में चयनित होने के बाद हटाये गए लोगों ने मोर्चा खोल दिया है। उनका कहना था कि मुख्यमंत्री एक बयान देकर दो हजार लोगों को सरकारी नौकरी से कैसे निकाल सकते हैं? वे इसे सरकारी अन्याय बता रहे हैं। उनकी दलील है कि हम सुबह नौकरी पर थे,लेकिन शाम होते ही हमें नौकरी से हटा दिया गया। उनका कहना था कि कोर्ट के आदेश के बाद ही हमें नौकरी मिली है। उल्लेखनीय है कि जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा दिसंबर 2023 में आयोजित हुई थी। लेकिन पेपर लीक होने के बाद परीक्षा सितंबर 2024 में फिर से हुई। फिर पेपर लीक की आशंका के बीच मामला अदालत पहुंचा। कोर्ट के आदेश के बाद परीक्षा परिणाम घोषित किया गया था। साथ ही तीस दिसंबर को सफल प्रत्याशियों को बाकायदा नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र दे दिए गए।

# नशा कारोबार की बड़ी मछलियों पर कसें शिकंजा

> हाल ही में हुई जब्ती की घटनाओं ने इस चुनौती को और उजागर किया है। खबरों के मुताबिक, तमिलनाडु की तांबरम सिटी पुलिस ने 135 किलोग्राम से ज्यादा गांजा जब्त किया, जिसे ओडिशा से भेजा गया था। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ओडिशा की सोनपुर और कंधमाल जिला पुलिस ने भी ट्रकों से लगभग 23,000 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। असम और त्रिपुरा से भी भारी मात्रा में जब्ती की खबरें आई। मुंबई और दिल्ली हवाई अड्डों पर भी भारी मात्रा में जब्ती की गयी। मुंबई के बोरीवली में हाइड्रोपोनिक तरीके से कैनबिस उगाने का पता चला।

बीते दिनों फुकेत-दिल्ली फ्लाइट के दौरान पायलट द्वारा कथित तौर पर गांजा सेवन का मामला सामने आया। जिसने देश में ऐसे नशीले पदार्थों की बढ़ती उपलब्धता और तस्करी को चर्चा में ला दिया। राज्यों में लगातार बड़ी खेप जब्त की गयीं। पहली नजर में यह चुनौती बेशक कानून-व्यवस्था की प्रतीत हो, लेकिन इससे सार्वजनिक सेहत, तस्करी नेटवर्क और वैश्विक कारोबारियों के हित भी जुड़े हैं। फुकेत-दिल्ली फ़्लाइट के पायलट द्वारा कैनबिस (गांजा) इस्तेमाल करने की शुरूआती जांच रिपोर्ट ने भारत में भांग (चरस) के इस्तेमाल और तस्करी पर फिर से ध्यान खींचा है। एक व्यावसायिक पायलट द्वारा ऐसा उपयोग दशार्ता है कि चरस की पहुंच सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण पेशे तक भी हो चुकी है। हाल ही में हुई जब्ती की घटनाओं ने इस चुनौती को और उजागर किया है। खबरों के मुताबिक, तमिलनाडु की तांबरम सिटी पुलिस ने 135 किलोग्राम से ज्यादा गांजा जब्त किया, जिसे ओडिशा से भेजा गया था। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ओडिशा की सोनपुर और कंधमाल जिला पुलिस ने भी ट्रकों से लगभग 23,000 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। असम और त्रिपुरा से भी भारी मात्रा में जब्ती की खबरें आई। मुंबई और दिल्ली हवाई अड्डों पर भी भारी मात्रा में जब्ती की गयी। मुंबई के बोरीवली में हाइड्रोपोनिक तरीके से कैनबिस उगाने का पता चला। हम देखते हैं कि भारत के विभिन्न हिस्सों में विविध प्रकार के चरस उत्पादों की भारी जब्ती हो रही है, और तस्कर इन्हें लाने-ले जाने और वितरण के अलग-अलग ढंग अपना रहे हैं। भारत हर साल टनों के हिसाब से गांजा जब्त करता है और हजारों उपयोगकताओं पर कार्रवाई की जाती है। तथापि, आंकड़े बताते हैं कि हम गलत लड़ाई लड़ रहे हैं-एक बड़ी चुनौती, जो वैश्विक व्यापारिक हितों से प्रेरित है, आने वाली है। अब इस पर ध्यान देने का सही समय है।

'विश्व मादक द्रव्य रिपोर्ट-2026' (जिसे सयुंक्त राष्ट्र के तत्वावधान में मादक द्रव्य एवं अपराध विभाग प्रकाशित करता है) कुछ हफ़्ते पहले ही प्रकाशित हुई। इस रिपोर्ट की मुख्य बातें हैं। सर्वप्रथम, आज भी दुनिया में सर्वाधिक इस्तेमाल होने वाला नशीला पदार्थ गांजा है। साल 2024 में 25.6 करोड़ लोग गांजे का उपयोग करते बताए गए हैं, जो किसी भी अन्य नशीले पदार्थ का इस्तेमाल करने वालों से ज्यादा है; यह संख्या 15 से 64 साल की उम्र के लोगों की वैश्विक आबादी का 4.8 प्रतिशत बनती है। पिछले दशक में गांजे का सेवन करने वालों की संख्या 40 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी। दूसरा, ह्यगांजे की खेती दुनिया के लगभग हर देश में होती हैह्ल। ज्यादातर तस्करी क्षेत्रीय स्तर पर होती है। लेकिन अंतर-क्षेत्रीय तस्करी बढ़ रही है। उत्तरी अमेरिका ऐसी तस्करी का बढ़ता हुआ स्रोत है। तीसरा, ज्यादा असरकारी गांजा उत्पादों की बड़ी रेंज बाजार में आ रही है। चौथा, दिसंबर 2025 तक, उरुग्वे, कनाडा और अमेरिका के 28 इलाकों में गैर-मेडिकल कामों के लिए भांग की खेती, उत्पादन, बिक्री और उसे अपने पास रखने की इजाजत दे दी गई है। चेक गणराज्य, जर्मनी, लक्जमबर्ग और माल्टा ने भी कुछ ऐसा ही किया। ह्यहालांकि, हालिया वर्षों में, नशीले पदार्थों के गैर-मेडिकल इस्तेमाल को नुकसानदेह माना जाने लगा है, जो उत्तरी अमेरिका में लोगों की बदलती सोच में झलकता हैह्ल। अंततः भांग तस्करी और इस्तेमाल वैश्विक चुनौती बना हुआ है। भारत के नशा नियंत्रण ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक : पहली बात, 2025 में 1.38 लाख एकड़ में भांग के पौधों को नष्ट किया गया, जो पिछले पांच सालों में सर्वाधिक है। दूसरी बात, गांजे से जुड़े 71,612 मामले दर्ज किए गए, जो पिछले 5 सालों में सबसे ज्यादा हैं। 628 हजार किलोग्राम गांजा जब्त किया गया, जो 2024 से तो ज्यादा था लेकिन 2021 और 2022 से कम था। तीसरी बात, 2021-25 के दौरान हशीश के मामलों की क्षेत्रवार संख्या 2,416 से 3,255 के बीच रही। हालांकि, पिछले पांच सालों में हशीश की जब्ती में काफी उतार-चढ़ाव हुआ, इस उतार-चढ़ाव पर नशा नियंत्रण ब्यूरो टिप्पणी यकीन से नहीं कर रहाझ्र्ह्यशिनाख्त कम हुई या तस्करी के ढंग में संभावित बदलाव आयाह्ल। चौथी बात,हाइड्रोपोनिक गांजे (ज्यादा असरदार, पोषक तत्वों से भरपूर) की तस्करी से बढ़ी है, खासकर महानगरों में। मामलों और जब्त की गई मात्रा, दोनों बढ़ी हैं; 2025 में 862 किलोग्राम जब्त किया गया और 687 केस दर्ज किए गए, जो बीते चार साल (2021- 24) की कुल जब्ती और मामलों से भी ज्यादा है। यानी भांग की जब्ती और नष्ट करने की कार्रवाई पहले के मुकाबले अधिक बनी हुई है। मई 2026 में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा प्रकाशित ह्यक्राइम इन इंडिया-2024ह्ल में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत सभी मामलों का डेटा मौजूद है। जिसके मुताबिक कुल मिलाकर करीब दो-तिहाई केस नशा बरामदगी या उपयोग करने के हैं और एक-तिहाई मामले तस्करी के हैं। नशा संबंधी घरेलू मामलों में आधे से ज्यादा मामले गांजे के हैं; संस्थागत कार्रवाई की मुख्य नीति कम मात्रा में उपयोग करने वालों पर फोकस करने से प्रेरित लगती है।

# हिमालयी क्षेत्र में उपजे खतरों से सबक

> पुरानी जमी बर्फ.और पानी युक्त ताजी बर्फ.में फर्क होता है। पुरानी जमी बर्फ.(परमाफ़्रोस्ट) पर ताजी बर्फ.तो सीधी जमा हो जाती है, लेकिन पानी नीचे बहने के लिए सबसे ढलान ढूंढ़ता है। तापमान वृद्धि के कारण ऊंची जगहों पर ओले या बर्फ.गिरने के बजाय बारिश हो रही जिससे पानी की तबाही की ताकत कई गुना हो जाती है। 16–17 जून 2013 को केदारनाथ में ओले व बर्फ.के बजाय बारिश हुई थी। छोटी चोराबाड़ी झील का बांध टूट गया । एक और वजह 24 घंटे में 400 मिमी बारिश थी। 1970 में बिरही–अलकनंदा बाढ़ के समय भी ऐसा हुआ, जब गौना झील टूटी थी।

नेपाल में हालिया विनाशक बाढ़ हिमालयी क्षेत्र में बढ़ते जलवायु व पारिस्थितिकीय जोखिम सामने लाई। ग्लेशियर पिघलना, ग्लेशियल झीलें, बर्फ-चट्टान खिसकना और अनियोजित विकास आपदाओं की तीव्रता बढ़ा रहे हैं। शोधों के मुताबिक, हिंदुकुश-हिमालय बेहद तेजी से गर्म हो रहा। नेपाल, भारत और चीन को नदी प्रबंधन, पूर्व चेतावनी, वैज्ञानिक योजना व टिकाऊ विकास का साझा तंत्र बनाना होगा।

तिब्बत-नेपाल सीमा पर ऊंचे हिमालयी क्षेत्र से आई एक और आपदा ने चेतावनी दे डाली है। ल्हेंदे-खोला नदी रसुवागढ़ी में नेपाल में प्रवेश करती है और केरुंग-खोला (भोटे कोसी) में मिल जाती है। आगे चलकर यह त्रिशूली व फिर नारायणी नदी बन जाती है और चितवन नेशनल पार्क से होकर गंगा में जा मिलती है।

26 अगस्त को सुबह माउंट लांगटांग (7,245 मीटर ऊंचाई) से बर्फ और चट्टान का 0.2 वर्ग किलोमीटर का बड़ा तोदा लंबवत नीचे (2270 मीटर) गिरा। इससे ल्हेंदे खोला के मार्ग में अवरोध पैदा होकर झील बन गई जिसके टूटने पर पानी एवं मलबे की विनाशक बाढ़ आई। मलबे से भरी उग्र नदी नेपाल के घनी आबादी वाले क्षेत्र से गुजरी। त्रिशूली नदी का जलस्तर सिर्फ. 30 मिनट में 9-10 मीटर बढ़ गया, जिससे कई गांव व शहर तबाह हो गए।

इस बाढ़ में 1350 से ज्यादा जानें चली गई। सरकारी, निजी और सामुदायिक संपत्तियों का भारी नुकसान हुआ। बुनियादी ढांचे और संपत्ति का नुकसान बेहद ज्यादा है। कुछ ही मिनटों में 14 बड़े हाइड्रो प्रोजेक्ट, 41 पुल, विशालकाय मशीनें, ट्रक, बिजली संप्रेषण तारें और बिजली सब-स्टेशन नष्ट हो गए। अत्यल्प समय में दस लाख क्यूबिक मीटर से ज्यादा मलबा बहा। बाढ़ की रफ़्तार 193 किलोमीटर प्रति घंटा आंकी। नेपाल और दूसरे हिमालयी देशों को व्यापक नजरिये से सोचना चाहिए। पहाड़ और नदियां उनकी साझी विरासत हैं। नदियां सीमाओं के आर-पार बहने वाली जीवन-रेखाएं हैं। नेपाल को भूकंप, बर्फ-चट्टान खिसकने और जलवायु आपदाओं से निपटने के लिए असरदार रणनीति बनानी होगी, क्योंकि भविष्य में ऐसी आपदाएं बढ़ेंगी। चीन और भारत से बातचीत की जरूरत है। आपदा नेपाल को अपने विकास मॉडल पर पुनर्विचार का मौका दे रही है। टिकाऊ तीर्थ-पर्यटन, खेती-कुटीर उद्योग, पशुपालन और ऊर्जा उत्पादन के लिए भी उन्हें अपना एक मॉडल विकसित करना होगा।

बाढ़ें, ग्लेशियरों का पिघलना और बफीली-चट्टानों का गिरना प्राकृतिक व्यवस्था का हिस्सा रहे हैं। मॉनसून प्रधान इस उपमहाद्वीप में, कई इंसानी कारकों और जलवायु परिवर्तन ने बाढ़ के बदलते स्वरूप में भूमिका निभाई। इंसान ग्लेशियर और नदियों के व्यवहार को ध्यान से देखते रहे, लेकिन उन पर कब्जा भी करते रहे और प्रकृति के उन नियमों के उल्लंघन करते हैं, जिनका पालन वे सदियों से करते रहे।

हिंदूकुश हिमालयी इलाके में सिर्फ.5 प्रतिशत जमीन खेती योग्य है। इसका ज्यादातर हिस्सा नदियों से बनी घाटियों में है। तथाकथित 'विकास' ही इन घाटियों में सबसे बड़ा अतिक्रमणकारी है। हमने शायद ही कभी नाजुक पहाड़ों की गोद में और मुख्य केंद्रीय आघात क्षेत्र के पास बसे लोगों के लिए विकास के विशेष तरीकों बारे सोचा जो हो, जहां पर ज्यादातर आपदाएं पैदा होती हैं। भूकंप के लिहाज से संवेदनशील वी-आकार की घाटियों में बर्फ.और चट्टानें नदियों का रास्ता रोकती हैं। नेपाल का बड़ा हिस्सा 'सिस्मिक गैप एरिया' में आता है, जहां पिछले सौ-डेढ़ सौ सालों से कोई बड़ा भूकंप नहीं आया। जमा होती जा रही इस भू-ऊर्जा का दशकों तक बाहर न निकलना एक बड़े भूकंप का कारण बन सकता है। मौसम की मार से कोई भी चट्टान या बर्फ. की ढलान खिसक सकती है।

पुरानी जमी बर्फ. और पानी युक्त ताजी बर्फ. में फर्क होता है। पुरानी जमी बर्फ. (परमाफ़्रोस्ट) पर ताजी बर्फ. तो सीधी जमा हो जाती है, लेकिन पानी नीचे बहने के लिए सबसे ढलान ढूंढ़ता है। तापमान वृद्धि के कारण ऊंची जगहों पर ओले या बर्फ. गिरने के बजाय बारिश हो रही जिससे पानी की तबाही की ताकत कई गुना हो जाती है। 16-17 जून 2013 को केदारनाथ में ओले व बर्फ. के बजाय बारिश हुई थी। छोटी चोराबाड़ी झील का बांध टूट गया । एक और वजह 24 घंटे में 400 मिमी बारिश थी। 1970 में बिरही-अलकनंदा बाढ़ के समय भी ऐसा हुआ, जब गौना झील टूटी थी। 7 फरवरी 2021 को रोंटी चोटी से बर्फ. और चट्टान खिसकने से ऋषिगंगा में एक झील बन गई थी। यह झील फटी और दो हाइड्रो प्रोजेक्ट्स को तबाह कर दिया था, साथ ही 220 से ज्यादा जानें लील लीं - जिनमें से ज्यादातर मजदूर सुरंग के अंदर थे। तापमान बढ़ने से ग्लेशियर वाली झीलें कैसे बड़ी हो जाती हैं, यह तीस्ता बाढ़ से साफ पता चलता है, जब 3-4 अक्तूबर 2023 को दक्षिण ल्होनक ग्लेशियर झील फट गई थी। जान-माल के नुकसान के साथ-साथ, 14,000 करोड़ रुपये की लागत वाला तीस्ता 3 प्रोजेक्ट तबाह हो गया था। यह ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड था और नेपाल में इनका खतरा बना रहता है। मई 2012 में भी, ऐसी ही एक बाढ़ से पोखरा में 60 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। नेपाल में आने वाली विनाशकारी बाढ़ से ग्लेशियर की बर्फ. बड़े पैमाने पर बहने और उससे निचले इलाकों में होने वाली जानलेवा घटनाओं के बीच संबंध समझा जा सकता है। इस आपदा को हिमालय के बड़े खतरों से जोड़कर देखा जाना चाहिए, क्योंकि हिंदूकुश हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियल झीलों का आकार बढ़ रहा है और जलवायु-खतरे बढ़ रहे हैं। सितंबर 2024 में बारिश, भूस्खलन और बाढ़ के कारण 170 जानें चली गई। अकेले काठमांडू में बाढ़ से 48 लोगों की मौत हुई। कोसी और गंडक नदियां खतरे के निशान से ऊपर बहने लगीं। नेपाल में 30 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए। 2025 में भी बाढ़ आई थी।

भूकंप जैसी घटनाओं से यह आपदाएं और भी जानलेवा हो सकती हैं। कई कारकों के मेल से बनी अन्य आपदाओं में मेलमची (2021), थामे (2024) और भोटे कोसी (2025) की घटनाएं शामिल हैं। हिमालय क्षेत्र का तापमान वैश्विक औसत की तुलना में दोगुनी तेजी से गर्म हो रहा है, जिससे यहां खतरा अधिक बढ़ा है। संयुक्त राष्ट्र ने 2023 में कहा था कि वैश्विक तापमान वृद्धि के कारण नेपाल के पहाड़ों ने पिछले लगभग 30 सालों में ही एक-तिहाई बर्फ. खो दी। नेपाल में 2,000 से ज्यादा ग्लेशियल झीलें हैं, जिनमें से 21 को संभावित रूप से खतरनाक माना जाता है।

हिमालयी देश पारिस्थितिकीय, आपदा और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ये सभी गहराई से जुड़े हैं। पारिस्थितिकी को कोई भी नुकसान आपदाओं की तीव्रता को बढ़ाता है और ये दोनों ही जलवायु परिवर्तन से प्रभावित होते हैं। वैश्विक तापमान वृद्धि के कारण बर्फ.पहले से ही अस्थिर हो चुकी है। हिंदुकुश हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर बर्फ. का ह्रास 2011-20 की अवधि में,उससे पिछले एक दशक की तुलना में 65 फीसदी तेजी से हुआ। शोधकताओं के अनुसार, अगर 2100 तक जीवाश्म ईंधन से होने वाले उत्सर्जन में भारी कटौती नहीं की, तो हिमालय अपनी 66 फीसदी बर्फ. खो सकता है।

न्यूनतम कार्बन फुटप्रिंट वाला नेपाल पड़ोसी देशों की हरकतों की कीमत चुका रहा है, जो भारी मात्रा में काला कार्बन धुआं और ब्राउन डस्ट वातावरण में छोड़ रहे। सटीक नीति व ज़िम्मेदार सामाजिक व्यवहार ही संतुलन रख सकता है। हिमालयी देशों के बीच समझ बनानी चाहिए। विचार विनिमय व विश्लेषण जरूरी हैं। साझी नदी-प्रबंधन के लिए बातचीत उतनी ही अहम है जितनी संधियां।

भारत और चीन के बीच कोई संधि नहीं। पारेचू नदी का मामला ही लें। जून 2004 में लैंडस्लाइड से तिब्बत की तरफ एक झील बन गई थी। एक साल बाद, 26 जून 2005 को वह झील फट गई। जानें तो बच गई, लेकिन भारतीय इलाके में 800 करोड़ रुपये की क्षति हुई। इसके बाद आपदा संहिता पर दस्तखत हुए, लेकिन भारत को इसकी कीमत चुकानी पड़ी। अब चीन सीमा के पास कई बांध बना रहा है और पड़ोसी देशों के साथ कोई समझौता नहीं है। सच है कि लोग इन इलाकों में अपने जोखिम पर रहते हैं। इसे कम करने को काम तो कर सकते हैं, लेकिन काबू से बाहर की ताकतों के जोखिम कभी खत्म नहीं कर सकते। लेकिन अब लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं हैं। आधुनिक विज्ञान का इस्तेमाल नागरिकों की भलाई के लिए किया जा सकता है। समुदायों को यह तय करना होगा कि किस तरह का 'विकास' फायदेमंद है और कौन सा बेहद जोखिम भरा।

# जीत से बड़ी हार

**चिंतन-मनन**

आज से 50-60 साल पहले कुछ मासिक पत्रिकाएं थीं, जैसे ह्यसत्यकथाह्ल, ह्यमनोहर कहानियांह्ल और ह्यसच्ची दुनियाह्ल। हम लोग स्कूल में थे और किताबों-पत्रिकाओं की दुकानों पर ये भी डिस्प्ले की हुई होती थीं। इनको पढ़ना ज्यादा अच्छा नहीं माना जाता था। लेकिन दसवीं या उसके बाद की कक्षाओं में पहुंचते-पहुंचते इनकी एकाध कहानी पढ़ ही लेते थे। मेरे बड़े मामा को इस तरह की जासूसी और जुर्म की पत्रिकाएं पढ़ने का बड़ा चस्का था। मेरी मां उनको कई बार टोका भी करती थीं। खैर, मामा की आदत जैसी थी, वैसी ही बरकरार रही। वह अंग्रेजी की ह्यकारवांह्ल, ह्यरीडर्स डाइजेस्टह्ल और ह्यइंडिया टुडेह्ल जैसी पत्रिकाएं भी खूब पढ़ते थे। मुझे कभी यह ह्यसत्यकथाह्ल, ह्यमनोहर कहानियांह्ल, ह्यसच्ची दुनियाह्ल आदि पढ़कर अच्छा नहीं लगा । आजकल जिस तरह की खबरें रोजाना देखने-पढ़ने को मिल रही हैं, उससे यही लगता है कि इस दौर में तो वे पत्रिकाएं भी बहुत पीछे रह गई हैं। अजीब-अजीब खबरें! एक परिवार के चार सदस्य कुछ दिन पहले तरबूज खाकर मर गए। उसमें चूहे मारने की दवा की मिलावट पाई गई। ये सब तो हम लोग पचास-पचपन बरस पहले भी अपनी आंखों से देखते रहे हैं। एक जुलूस में एक आदमी ने सार्वजनिक रूप से दर्द-निवारक कैप्सूल बांटने चाहे, ताकि लोगों का शारीरिक दर्द कम हो। साजिशों की ऐसी ही अनेक खबरें सामने आती रहती हैं। हमारे एक वरिष्ठ डॉक्टर ने एक वीडियो साझा किया है, जिसमें बताया गया है कि देशी घी के नाम पर इतनी मिलावट और धोखाधड़ी हो रही है कि पशुओं की चर्बी तक का इस्तेमाल किया जा रहा है। कुछ महीने पहले मैं अपने किसी मित्र के पास बैठा हुआ था। अचानक फोन आया। पता चला कि राजस्थान से उनका शुद्ध देशी घी आ रहा है। बताने लगे कि ऑनलाइन एक वीडियो देखा था और ऑर्डर कर दिया। दो हजार रुपये में एक किलो था। वह व्यक्ति एक किलो देसी घी की बोतल दे गया। पूछने लगा कि क्या यह आपको सही लग रहा है। मैं हंसने लगा। असल में आजकल यूट्यूब पर ऐसे वीडियो की भरमार है। आज की वास्तविक दुनिया में 'सत्यकथाएं', 'मनोहर कहानियां' तो क्या, क्राइम नॉवेल, मर्डर मिस्ट्री वाली फिल्में और क्राइम शो भी पीछे रह गए हैं। जितने खुराफाती हम हो चुके हैं, जितने मक्कार, शातिर और चालबाज बन गए हैं, हम कुछ भी कर सकते हैं—लालच के चक्कर में।

## आपके पत्र

### अभद्र भाषा का प्रयोग क्यों ?

देश में आम चुनाव का मौसम है। राजनीतिक दल मतदाताओं को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं, लेकिन कुछ राजनेता अभद्र, बेतुकी बयानबाजी भी इस दौरान करते हैं। हाल ही में कंगना रनौत और ममता बनर्जी के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग हुआ, वो मामला सुर्खियों में है। हिमाचल प्रदेश में सुप्रिया श्रीनेत, जो कि कांग्रेस से संबंधित हैं, द्वारा कंगना रनौत पर जो भद्दी टिप्पणी का मामला सामने आया है, उसके लिए सुप्रिया श्रीनेत ने स्पष्ट किया है कि यह टिप्पणी उनके द्वारा नहीं कि गई है। उन्होंने कहा कि उनके सोशल मीडिया अकाउंट को बहुत से लोग प्रयोग करते हैं। यह टिप्पणी किसी और ने की है, लेकिन सुप्रिया को अपने सोशल साइट्स के अकाउंट को सबके साथ साझा करने की क्या जरूरत थी? दूसरी तरफ ममता पर टिप्पणी भी निंदनीय है।

**मनीषा चौधरी,रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## एक नजर

### धनबाद जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप में गौतम गोस्वामी ने जीता प्रथम स्थान



**धनबाद :** धनबाद जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप–2026 में लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए गौतम गोस्वामी ने शानदार प्रदर्शन किया। 28 एवं 29 अगस्त 2026 को आयोजित प्रतियोगिता के मास्टर्स डबल्स वर्ग में उन्होंने प्रथम स्थान हासिल कर क्लब का गौरव बढ़ाया। गौतम गोस्वामी की इस उपलब्धि पर लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी परिवार में हर्ष का माहौल है। क्लब के सदस्यों ने उनकी सफलता को खेल के प्रति समर्पण, कड़ी मेहनत और निरंतर अभ्यास का परिणाम बताया।

क्लब के अध्यक्ष अमलेंद्र सिन्हा ने गौतम गोस्वामी को शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, क्लब के सचिव सलिल विश्वास ने भी उन्हें इस सफलता पर बधाई दी और क्लब का नाम गौरवान्वित करने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

### लिलोरी स्थान मुक्तिधाम में अवैध निर्माण पर निगम ने लगाई रोक, सांसद निधि से बने प्रतीक्षालय का ताला खुला



कतरास : बाघमारा प्रखंड अंतर्गत लिलोरी स्थान मुक्तिधाम श्मशान घाट परिसर में सरकारी प्रतीक्षालय की अवैध घेराबंदी और पक्के निर्माण का मामला सामने आने के बाद नगर निगम की टीम ने सोमवार को स्थल का निरीक्षण किया। समाजसेवी राजेश स्वर्णकार एवं अन्य लोगों के विरोध और समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने के बाद वार्ड 1 की पार्षद डॉ. मधुमाला और कतरास नगर निगम के सिटी मैनेजर रोहित राहुल समद के नेतृत्व में टीम मुक्तिधाम पहुंची। निरीक्षण के दौरान बिना अनुमति पक्की दीवार का निर्माण पाया गया, जिसे अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से रुकवा दिया। निर्माण करा रहे श्मशान घाट संचालक ने इसे मंदिर के पुजारी किशोरी झा के कहने पर शुरू करने की बात कही, जबकि पुजारी ने घेराबंदी की जानकारी होने से इनकार किया।

### उपायुक्त ने की जिला आयुष समिति की समीक्षा बैठक

# आयुष सेवाओं को सुदृढ़ करने का दिया निर्देश

संवाददाता



**बोकारो :** सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिला आयुष समिति की बैठक की। बैठक में जिले में संचालित आयुष सेवाओं, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बैठक में पंचकर्म भवन के संचालन को लेकर उपायुक्त ने जिला आयुष पदाधिकारी को आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पंचकर्म भवन का संचालन पीपीपी मोड के माध्यम से किया जाना है। इसके लिए उप विकास आयुक्त के माध्यम से प्रस्ताव तैयार कर समर्पित करने का निर्देश दिया। साथ ही, एक माह के अंदर पंचकर्म भवन का संचालन शुरू करने की दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित सिविल सर्जन को बर्न यूनिट का संचालन प्रारंभ करने को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिया। वहीं, जिला आयुष पदाधिकारी को जिले में संचालित योग केंद्रों की गतिविधियों का लाइव फोटो नियमित रूप से उपलब्ध कराने तथा पीआरडी को भी भेजने को कहा। हेल्थ कॉटेज निर्माण को लेकर दो एकड़ भूमि चिह्नित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि भूमि का चयन ऐसे स्थान पर किया जाए, जहां आवागमन की बेहतर सुविधा हो, सड़क संपर्क सुगम हो हो। बैठक में 10 बेडेड महर्षि चरक अस्पताल के संचालन एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चर्चा हुई। अस्पताल में गार्ड की तैनाती आउटसोर्सिंग व्यवस्था के माध्यम से करने को लेकर आवश्यक प्रक्रिया पर विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त ने जिले के प्रत्येक प्रखंड में वायो मित्र से संबंधित गतिविधियों को संचालित करने तथा आयुष सेवाओं को आमजनों तक पहुंचाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। साथ ही, प्रत्येक माह के तीसरे सप्ताह में प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर में वृद्धजनों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने को कहा। बैठक में जिले के प्रत्येक प्रखंड में नेशनल प्रोग्राम फॉर प्रिवेंशन एंड मैनेजमेंट ऑफ ऑस्टियोआर्थराइटिस एंड अदर मस्कुलोस्केलेटल डिसऑर्डर्स के अंतर्गत प्रत्येक माह एक स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने तथा जिले में पूर्व से चिह्नित आयुष ग्राम में प्रत्येक माह एक शिविर आयोजित करने पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को नियमित रूप से शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों को आयुष चिकित्सा सेवाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, सिविल सर्जन डॉ ए बी प्रसाद, जिला आयुष पदाधिकारी डॉ. शिव शंकर पांडेय, कार्यपालक अभियंता चास अनुज कुमार, जिला पर्यटन पदाधिकारी हेमलता बून, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे

## धनबाद से रजरप्पा जाने के क्रम में बिहार के परिवहन मंत्री दामोदर रावत का भव्य स्वागत

संवाददाता



**बोकारो :** धनबाद से रजरप्पा जाने के क्रम में बिहार सरकार के परिवहन मंत्री दामोदर रावत का बोकारो तेलमोच्चों ब्रिज के समीप जनता दल (यूनाइटेड) बोकारो जिला की ओर से गर्मजोशी एवं आत्मीयता के साथ भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व जदयू झारखंड प्रदेश सचिव मनोज कुमार सिंह एवं बोकारो जिला अध्यक्ष प्रदीप महतो ने किया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मंत्री दामोदर रावत को पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान मंत्री दामोदर रावत ने कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने, आपसी समन्वय बढ़ाने तथा जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक संगठन की मजबूती उसके समर्पित कार्यकर्ताओं से होती है। संगठन के विस्तार और जनसंपर्क को निरंतर मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर जनता के बीच सक्रिय रहने तथा जनहित से जुड़े विषयों को प्रभावी ढंग से उठाने का आह्वान किया। श्री रावत ने कहा कि जनता दल (यूनाइटेड) के संगठन को मजबूत करने में झारखंड के कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आपसी समन्वय और सक्रियता के साथ संगठन को आगे बढ़ाने में योगदान दें। इस अवसर पर धनबाद जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह एवं धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दूबे भी मौजूद रहे। स्वागत कार्यक्रम में जदयू बोकारो जिला उपाध्यक्ष राजा पांडे, जिला महासचिव सुधीर कुमार उपाध्याय, जिला कार्यकारिणी सदस्य कृष्णा सिंह, चंडी कुमार प्रजापति, बबलू दास, बसंत मरांडी एवं आनंद सिंह सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### तेतुलमारी थाना क्षेत्र के तिलातांड़ में अवैध कोयला डिपो का संचालन, कार्रवाई की मांग

कतरास : तेतुलमारी थाना क्षेत्र अंतर्गत तिलातांड़ में जंगल और झाड़ियों की आड़ में बड़े पैमाने पर कथित रूप से अवैध कोयला डिपो का संचालन किया जा रहा है। इस मामले को लेकर अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के जिला अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, झारखंड सरकार, झारखंड पुलिस, धनबाद पुलिस और सीआईएसएफ को ट्वीट कर कार्रवाई की मांग की है। रत्नेश कुमार का आरोप है कि रात के अंधेरे में छोटे बुलेरो वाहनों के जरिए कोयला लाकर इन डिपो में गिराया जाता है और बड़ी मात्रा में कोयले का भंडारण किया जाता है। इसके बाद कथित रूप से कोयले को ट्रकों में लोड कर भट्ठों तक भेजा जाता है। उन्होंने सवाल उठाया कि सीआईएसएफ की सख्ती और लगातार कार्रवाई के बावजूद तिलातांड़ में कथित अवैध कोयला कारोबार कैसे जारी है?

### खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन संशोधन अधिनियम के विरोध में आप पार्टी का एक दिवसीय प्रर्दशन



संवाददाता

**बोकारो :** सोमवार को महात्मा गांधी चौक सेक्टर 4 के पास खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन संशोधन अधिनियम, 2026 को झारखंड सहित देश के सभी से वापस लेने की मांग के साथ आम आदमी पार्टी ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। इस दौरान केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ कार्यकर्ता जमकर नारेबाजी कर रहे थे। झारखण्ड सहित देश के सभी राज्यों में केंद्र सरकार द्वारा काला कानून लागू करने के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने झारखंड के हर जिले में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश, जोनल प्रभारी विधान चंद्र राय, जिला संयोजक धर्मेंद्र शर्मा, जिला सचिव बैजनाथ गोराई आदि के संयुक्त अगुवाई में हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश ने कहा कि आम आदमी पार्टी झारखंड का मानना है कि यह एक नया काला कानून है। केंद्र सरकार ने पुराने कानून में 2026 में एक नया संशोधन किया है। इसके तहत धारा 9डी में एक ऐसा नियम जोड़ दिया गया है, जिससे राज्य सरकारों के टैक्स और सेस लगाने के अधिकार को पूरी तरह खत्म कर दिया गया है। इस संशोधन से झारखंड की जनता के साथ धोखा हुआ है। आप के जोनल प्रभारी विधान चंद्र राय ने कहा कि झारखंड के 1.36 लाख करोड़ की सीधी चोरी हुई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद झारखंड सरकार का कोल व अन्य खनन कंपनियों और केंद्र पर 1,36,000 करोड़ का पुराना बकाया कोयला रॉयल्टी और जमीन लगान तत्काल वापस करे। यह पैसा झारखंड के जन कल्याणकारी योजनाओं के लिए इस्तेमाल होना था।

## खान एवं खनिज बिल के विरोध में प्रदेश जिला एवं प्रखंड स्तर पर व्यापक जनआंदोलन

संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो परिसदन सभागार में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अब्दुल करीम अंसारी ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित। संबोधित करते हुए कहा कि राममंदिर में चंदा चोरी तथा खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन संशोधन विधेयक, 2026 के विरोध में प्रदेश, जिला एवं प्रखंड स्तर पर व्यापक जनआंदोलन चलाने की घोषणा किया गया है। श्री अंसारी ने कहा कि खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन संशोधन विधेयक 2026 केवल एक राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि इसके संभावित प्रभाव झारखंड की जल, जंगल, जमीन, खनिज संपदा, राज्य के अधिकार, आदिवासी एवं स्थानीय समुदायों के हित तथा संवैधानिक व्यवस्था से जुड़े हुए हैं। झारखंड की पहचान और अर्थव्यवस्था में प्राकृतिक संसाधनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ऐसे में खनिज संपदा से संबंधित किसी भी नीति या कानून के दूरगामी प्रभावों पर गंभीरता से विचार किया जाना आवश्यक है। प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर पी नैय्यर ने कहा कि झारखंड की जल, जंगल और जमीन यहां की जनता की पहचान और जीवन का आधार है। खनिज संपदा राज्य की आर्थिक शक्ति है, इसलिए इसके संबंध में बनने वाली नीतियों में झारखंड के हितों और स्थानीय समुदायों की चिंताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उन्होंने कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इन मुद्दों को लेकर गांव से लेकर जिला एवं प्रदेश स्तर तक जनता के बीच जाएं और लोकतांत्रिक तरीके से जनआंदोलन को मजबूत करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी झारखंड के जल, जंगल, जमीन, खनिज संपदा और स्थानीय हितों से जुड़े सवालों पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी तथा जनहित के मुद्दों को लेकर आगे भी चरणबद्ध आंदोलन जारी रखेगी। मौके पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष प्रेम राय, प्रदेश सचिव उमेश गुप्ता ,कमरूल हसन,अशोक मिश्रा, नितेश भारद्वाज, शाहिद रजा, गौरव राय, बिनय यादव आदि उपस्थित थे।

### अवैध शराब फैक्ट्री का पर्दाफाश 7 लाख की नकली शराब और स्पिरिट बरामद, एक गिरफ्तार



संवाददाता

**बोकारो :** उत्पाद विभाग को मिली एक बड़ी सफलता में बालीडीह थाना क्षेत्र के गायत्री नगर में चल रही एक अवैध विदेशी शराब निर्माण फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस त्वरित छापामारी में पुलिस ने भारी मात्रा में स्पिरिट, तैयार नकली शराब, पैकेजिंग सामग्री और मशीनें जब्त की हैं। जब्त की गई शराब का बाजार मूल्य लगभग 6 से 7 लाख रुपये आंका गया है। गुप्त सूचना पर गठित टीम ने की त्वरित कार्रवाई मामले की जानकारी देते हुए उत्पाद उपायुक्त ने बताया कि आबकारी विभाग को लगातार गुप्त सूचना मिल रही थी कि गायत्री नगर इलाके में अवैध रूप से नकली विदेशी शराब का निर्माण किया जा रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद एक विशेष एक्साइज टीम का गठन किया गया, जिसमें इंस्पेक्टर विनय सिंह, सदर दरोगा अमित गुप्ता और होमगार्ड के जवान शामिल थे। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित स्थान पर दबिश दी और अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। भारी मात्रा में नकली शराब व पैकेजिंग सामग्री बरामद किया गया है। सहायक उत्पाद आयुक्त अरविंद कुजूर ने जानकारी देते हुए कहा कि इस अवैध फैक्ट्री में मैकडॉवेल्स नंबर 1 (McDowell's No.1), रॉयल स्टैग (Royal Stag), ऑफिसर्स चॉइस (Officer's Choice) और रॉयल गोल्ड (Royal Gold) जैसे नामी ब्रांडों के नाम पर नकली शराब की पैकिंग की जा रही थी। कार्रवाई के दौरान मौके से एक अभियुक्त अजय अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। प्राथमिक जांच में इस अवैध कारोबार के मुख्य सरगना के रूप में विकास चंद्रा का नाम सामने आया है। पुलिस उसकी भूमिका की गहन छानबीन कर रही है और जल्द ही उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मां मनसा पूजा को लेकर कलश यात्रा

संवाददाता



बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के पैसरा गांव में सोमवार को मां मनसा पूजा महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश जल यात्रा के साथ हुआ। मां मनसा मंदिर से श्रद्धालु बरसाती नदी की उत्तरवाहिनी धारा से कलश में जल लेकर हनुमान मंदिर पहुंचे। यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद कलश में लाए गए जल को भागवती मंडप में स्थापित किया गया। जल यात्रा में 551 से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। मां मनसा पूजा को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया।

कलश यात्रा के दौरान पूरा गांव भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। श्रद्धालुओं ने मां मनसा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पूजा समिति के अनुसार 22 सितंबर को कलश स्थापना, 23 सितंबर को शांति पाठ एवं संध्या आरती, 24 सितंबर को प्राण प्रतिष्ठा, देव पूजा एवं संध्या बाली आरती होगी। 25 सितंबर को भंडारा एवं रात में दुगोला कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 26 सितंबर को हवन, मेला और मां मनसा की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। जल यात्रा में विधायक अमित कुमार यादव, उपप्रमुख सुरजी देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद, जिला परिषद प्रतिनिधि यमुना साव, कांग्रेस नेता मणिलाल चौधरी, शिक्षक रामसेवक प्रसाद, मनोहर चौधरी, किशोरी चौधरी, मधुसूदन प्रसाद, मुरलीधर मेहता, रूपलाल महतो, सुधीर कुमार, सतीश चौधरी, उत्तम महतो, अर्जुन रविदास, शंकर दयाल प्रसाद, छात्रधारी महतो, श्यामलाल ठाकुर, अर्जुन ठाकुर, किशुन महतो, नारायण पासवान, अशोक ठाकुर, कामेश्वर महतो, गंगाधर प्रसाद, भुवनेश्वर प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, शंकर प्रसाद, लेखराज प्रसाद, चुरामन महतो, विनय कुमार, अशोक रविदास, वासुदेव रविदास, सुखलाल महतो, छोटी महतो, प्रदीप रविदास, टेकलाल महतो, राजू महतो, जीबलाल यादव, दिनेश यादव, द्वारिका यादव, रूपेश पंडित, पार्वती देवी, माला कुमारी, नीलम कुमारी, गुड़िया कुमारी, यशोदा कुमारी, पुष्पा कुमारी, दुलारी देवी, मेगनी देवी, पूजा कुमारी एवं सपना कुमारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु मौजूद थे।

# सम्मान: राज्यपाल संतोष गंगवार के हाथों संतोष चौबे को मानद डॉक्टरेट की उपाधि

**शिक्षा, साहित्य, विज्ञान संचार और सामाजिक उद्यमिता में योगदान के लिए बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय ने किया सम्मानि**

संवाददाता




हजारीबाग। शिक्षा, साहित्य, विज्ञान संचार, सामाजिक उद्यमिता और भारतीय भाषाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए आईसेक्ट ग्रूप के चेयरमैन संतोष चौबे को बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, गढ़वा की ओर से राज्यपाल संतोष गंगवार के हाथों मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में सोमवार को गुरुपद संभवन रामजी ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में उन्हें यह सम्मान मिला। बता दें कि विश्वविद्यालय की अकादमिक काउंसिल और गवर्निंग बॉडी ने शिक्षा, साहित्य, विज्ञान संचार, सामाजिक उद्यमिता और रचनात्मक लेखन के क्षेत्र में उनके योगदान को मान्यता देते हुए मानद उपाधि के लिए चयन किया था। प्रशस्ति-पत्र में भारतीय भाषाओं और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए उनके प्रयासों को भी रेखांकित किया गया। संतोष चौबे ने वर्ष 1985 में ऑल इंडिया सोसायटी फॉर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कंप्यूटर टेक्नोलॉजी (आईसेक्ट) की स्थापना की। उनके नेतृत्व में आईसेक्ट ने ग्रामीण, आदिवासी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में शिक्षा, कौशल विकास, तकनीकी प्रशिक्षण और वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में कार्य किया। उनके मार्गदर्शन में रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, विभिन्न डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्याल आईसेक्ट विश्वविद्यालय हजारीबाग अ स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी ज संस्थानों के विकास को भी गति मि संतोष चौबे की पहचान विज्ञान लेखक अ विज्ञान संचारक के साथ कवि, कथाक और उपन्यासकार के रूप में भी है। 1986 में प्रकाशित उनकी पुस्तक 'कंप्यू एक परिचय' हिंदी में विज्ञान और तकन को आम पाठकों तक पहुंचाने के प्रयासों महत्वपूर्ण रही। उनके छह कथा-संग्रह, उपन्यास और कई कविता-संग्रह प्रकाशित शिक्षा, विज्ञान, नवाचार, सामाजिक उद्यमि और साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान लिए उन्हें राष्ट्रीय नवाचार पुरस्कार, श्व फाउंडेशन सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ द ई अवॉर्ड और राष्ट्रीय साक्षरता पुरस्कार सहि कई सम्मान मिल चुके हैं।

### आईआईटी धनबाद में एकल अभियान का आगाज

# जीवन में शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी : राज्यपाल

संवाददाता




**धनबाद :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने एकल अभियान के माध्यम से ग्रामीण और वनवासी क्षेत्रों में शिक्षा, संस्कार, स्वास्थ्य जागरूकता एवं सामाजिक विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा और जागरूकता पहुंचाना सामूहिक जिम्मेदारी है। एकल विद्यालयों की यात्रा धनबाद से शुरू हुई और आज देशव्यापी अभियान का रूप ले चुकी है। राज्यपाल आइआइटी आइएसएम के पेनमैन हाल में वनबंधु परिषद, धनबाद चैप्टर की महिला समिति की ओर से आयोजित एकल अभियान आचार्य एवं व्यास सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार बौर जीवन मूल्यों का होना भी जरूरी है। उन्होंने एकल अभियान माध्यम से दूरदराज के गांवों में बच्चों को शिक्षा देने, परिवारों को जागरूक करने और सामाजिक चेतना विकसित करने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने एकल श्रीहरि संस्कार शिक्षा के तहत हरिकथा, सत्संग और सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों से जोड़ने के प्रयासों का उल्लेख किया। राज्यपाल ने आचार्यों, कथाकारों और एकल अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि देश के अधिक से अधिक गांवों तक शिक्षा, संस्कार और जागरूकता का प्रकाश पहुंचाती रहे। इस अवसर पर आइआइटी आइएसएम के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक महत्व तभी है, जब उसका लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे। केंद्रीय अभियान प्रमुख डा. लल्लन शर्मा ने एकल अभियान की पंचमुखी शिक्षा योजना के बारे में बताया कि अभियान ने शिक्षा के साथ संस्कार, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्रों में भी कार्य का विस्तार किया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाहक संजय कुमार ने सामाजिक परिवर्तन के लिए स्व आधारित जीवन, परिवार प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्य जैसे पांच विषयों पर जोर दिया। कार्यक्रम में एकल अभियान के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले किरण कुमारी कविता कुमारी मीरा देवी, रीना देवी, पायल देवी , गीता देवी, रिंकी कुमारी , खुशबू कुमारी, मीना कुमारी , सुनीता कुमारी एवं अन्य आचार्यों एवं व्यासों को सम्मानित किया गया। डा. लल्लन शर्मा, संजय कुमार, संतोष भाईजी, महेंद्र अग्रवाला, प्रो. धीरज कुमार, हरेंद्र सिंह, शंभूनाथ अग्रवाला, रितेश शर्मा आदि थे।

## राजभवन धरना-प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस की विस्तारित बैठक 23 सितंबर को : प्रकाश रजक

संवाददाता



**कोडरमा :** खान-खनिज अधिनियम, 2026 एवं राम मंदिर चंदा चोरी के मुद्दे को लेकर 26 सितंबर को राजभवन, रांची में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी की विस्तारित बैठक 23 सितंबर, बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे साहू धर्मशाला, झुमरी तिलैया में होगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रजक ने कहा, "26 सितंबर के कार्यक्रम को लेकर संगठन पूरी गंभीरता के साथ तैयारी में जुटा है। विस्तारित बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, संगठनात्मक जिम्मेदारियों और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय को अंतिम रूप दिया जाएगा। कोडरमा से कांग्रेसजनों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी स्तरों पर आवश्यक तैयारी की जा रही है।" बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य, महिला कांग्रेस, अल्पसंख्यक विभाग, युवा कांग्रेस, ओबीसी विभाग, सेवादल एवं इंटक के पदाधिकारी, सभी प्रखंड अध्यक्ष, नगर पंचायत एवं नगर परिषद अध्यक्ष तथा वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

प्रकाश रजक ने बताया कि बैठक में सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का स्वागत भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडल अध्यक्ष संगठन की जमीनी संरचना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों से समय पर बैठक में उपस्थित होकर संगठनात्मक तैयारी को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की।

# एशियाई खेल: दक्षिण कोरिया से 0-3 की हार के साथ पुरुष टेबल टेनिस टीम का अभियान खत्म

एजेंसी


**आइची-नगोया :** भारत को एशियाई खेलों में मंगलवार को पुरुष टीम टेबल टेनिस के राउंड ऑफ 16 मुकाबले में दक्षिण कोरिया के हाथों 0-3 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे महाद्वीपीय प्रतियोगिता में उसका अभियान समाप्त हो गया। भारत 0-2 से पिछड़ गया था। हरमीत देसाई को जांग वूजिन ने चार गेम में 11-8, 8-11, 7-11, 9-11 से हराया। इसके बाद मनुष शाह ने विश्व रैंकिंग में 23वें स्थान पर काबिज ओ जुनसोंग को कड़ी चुनौती दी, लेकिन पांच गेम के मुकाबले में उन्हें 2-3 से हार मिली। मनुष ने तीसरा गेम 13-11 से जीतकर 2-1 की बढ़त बनाई थी और निर्णायक गेम में भी 4-1 से आगे थे। हालांकि, ओ जुनसोंग ने वापसी करते हुए निर्णायक गेम जीत लिया। ओ ने मुकाबला 4-11, 11-8, 13-11, 11-13, 11-6 से अपने नाम किया।

भारत को मुकाबले में बनाए रखने की जिम्मेदारी मानव ठक्कर पर थी, जिनका सामना आन जेह्युन से हुआ। मानव ने तीसरा गेम 11-7 से जीतकर वापसी की कोशिश की, लेकिन इससे पहले वह शुरूआती दो गेम 10-12, 6-11 से हार चुके थे। आन जेह्युन ने चौथा गेम 12-10 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। मानव की 10-12, 6-11, 11-7, 10-12 की हार के साथ दक्षिण कोरिया ने मुकाबला 3-0 से जीत लिया और भारत की पुरुष टीम का अभियान समाप्त हो गया।



मंगलवार को एशियाई खेलों में भारत का प्रदर्शन मिश्रित रहा। महिला टेबल टेनिस टीम ने थाईलैंड को 3-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जबकि महिला बैडमिंटन टीम को क्वार्टर फाइनल में जापान के हाथों 1-3 से हार मिली।

शूटिंग में पुरुष स्कीट व्यक्तिगत क्वालिफिकेशन के दूसरे दिन अनंतजीत सिंह नरूका दूसरे, मेराज अहमद खान 23वें और भवतेग सिंह गिल 35वें स्थान पर रहे। 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम फाइनल में इलावेनिल वलरिवान और पार्थ माने चौथे स्थान पर रहे। मुक्केबाजी में साक्षी चौधरी ने महिलाओं के 51 किलोग्राम राउंड ऑफ 32 में फिलीपींस की आइरा विलागास को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। तलवारबाजी में तनिक्षा खत्री ने महिलाओं की व्यक्तिगत एपी राउंड ऑफ 32 में नटपापट सांगनगियो को हराया। वहीं, हेमाश सिंह सनासम और सचिन पुरुष व्यक्तिगत फ्लोरेट के राउंड ऑफ 32 में हारकर बाहर हो गए। सॉफ्ट टेनिस में आर्यन ठाकुर और जय मीना ने जीत दर्ज की, जबकि आध्या तिवारी को हार का सामना करना पड़ा। कबड्डी में भारत की पुरुष टीम ने दक्षिण कोरिया को 63-31 से हराया। सेपकटकरा में भारत को मलेशिया के हाथों 0-3 से हार मिली। तैराकी में आर्यन नेहरा पुरुषों की 1500 मीटर फ्रीस्टाइल फाइनल बी में चौथे स्थान पर रहे, जबकि भारत की 4.100 मीटर मेडले रिले टीम ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। वुशु में लैंगलेंटोम्बी देवी हंजाबम महिलाओं की नानछ्वान फाइनल में नौवें स्थान पर रहीं। कराटे में चेतन भट्ट और अलीशा चौधरी को हार का सामना करना पड़ा। घुड़सवारी की ड्रेसेज स्पर्धा में आशीष लिमये 13वें, अर्जन नागरा 23वें और फवाद मिर्जा 26वें स्थान पर रहे। ई-स्पोर्ट्स में भारत की शकील दानियल पटेल और चिन्मय साहू की जोड़ी ने ग्रुप एफ में उज्बेकिस्तान के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ खेला।



# करियर बर्बाद करने के आरोपों पर पहली बार सलमान खान ने तोड़ी चुप्पी

**बिग बॉस** 19 के सेकंड वीकेंड का वार पर सलमान खान ने उस मुद्दे पर चुप्पी तोड़ी जिसे लेकर पिछले काफी सालों से उनपर आरोप लग रहे हैं. अक्सर एक्टर पर लोगों के करियर बर्बाद करने के आरोप लगते हैं, जिसपर अब सलमान ने खुद जवाब दिया है. टीवी के चर्चित और विवादित रियलिटी शो बिग बॉस के होस्ट सलमान खान अक्सर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ अपने दमदार अंदाज और बेबाक जवाबों की वजह से सुर्खियों में बने रहते हैं. इन दिनों वह बिग बॉस 19 को होस्ट करते नजर आ रहे हैं और हर हफ्ते वीकेंड का वार पर सलमान खान घरवालों की जमकर क्लास लगाते हैं और दर्शकों को भरपूर मनोरंजन का डोज मिलता है. लेकिन बिग बॉस 19 के सेकंड वीकेंड का वार में भाईजान ने सालों से लग रहे अपने ऊपर एक आरोप को लेकर चुप्पी तोड़ी है. बिग बॉस 19 के सेकंड वीकेंड का वार काफी धमाकेदार रहा. रविवार के एपिसोड में एक्ट्रेस और बिग बॉस 13 की कंटेस्टेंट शहनाज गिल मंच पर पहुंचीं. एक्ट्रेस यहां अपने भाई की बिग बॉस के घर में वाइल्ड कार्ड एंट्री पर उसे सपोर्ट करने के लिए पहुंची थी. इस दौरान वह सलमान खान से हंसी-मजाक के बीच भाई का करियर बनाने की बात कहती हैं. शहनाज ने कहा कि, सलमान सर आपने इतनों के करियर बनाए हैं. सलमान खान ने शहनाज की बात का जवाब देते हुए कहा, लोगों ने मेरा मजाक भी उड़ाया है कि मैंने कितने करियर बर्बाद कर दिए हैं. लेकिन सच कहूं तो, ये मेरे बस की बात नहीं है. आजकल, ये कहना एक ट्रेंड बन गया है, अरे वो किसी का करियर खत्म कर देगा. बताओ, मैंने किसका करियर बर्बाद किया है? और अगर कभी किया भी, तो वो मेरा ही होगा. कई बार, मैं चीजों को हाथ से जाने देता हूं, लेकिन फिर मैं कड़ी मेहनत करते सब कुछ वापस अपने कंट्रोल में कर लेता हूं.

## Salman Khan का जवाब सुनकर दंग रह गए सब

सलमान खान का ये जवाब सुनकर सिर्फ वहां मौजूद लोग ही नहीं बल्कि एक बार को दर्शक भी दंग रह गए. बता दें कि, सलमान पर अक्सर कई एक्टर और एक्ट्रेसेस के करियर बर्बाद करने के आरोप लग चुके हैं. हालांकि, ये सच है या नहीं इसका जवाब अब एक्टर ने खुद ही दे दिया और सबसे ये सवाल भी पूछ लिया कि आखिर उन्होंने किसका करियर बर्बाद किया है.



शाहरुख खान ने दी खुशखबरी

# आर्यन खान की डेब्यू सीरीज की ट्रेलर डेट से उठाया पर्दा

**बॉलीवुड** के किंग शाहरुख खान इन दिनों बेटे आर्यन खान की डेब्यू वेब सीरीज The Bads Of Bollywood को लेकर काफी एक्साइटेड हैं. आर्यन इस सीरीज के जरिए डायरेक्शन की दुनिया में कदम रख रहे हैं, और अब आखिरकार इसका ट्रेलर रिलीज डेट सामने आ गई है. जिसका खुलासा खुद शाहरुख खान ने अपनी इस पोस्ट से किया है. आइए जानते हैं, कब ट्रेलर रिलीज हो रहा है? शाहरुख खान सोमवार यानी आज बेटे आर्यन खान की सीरिज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड का पोस्टर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयरकर कैप्शन में बेहद शानदार अंदाज में ट्रेलर की रिलीज डेट रिवील की, उन्होंने लिखा- ट्रेलर रिलीज आज ही होने वाला है. साथ में किंग खान ने लिखा- बॉलीवुड के कई रंगज आप क्या इन्हें देखने को तैयार हैं? हालांकि, उन्होंने ट्रेलर रिलीज का समय नहीं बताया है.

# सोशल मीडिया पर एक्सप्रेशन और स्टाइल से त्रिशा कर ने जीता फैंस का दिल

भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री इन दिनों तेजी से लोकप्रिय हो रही है और इसके साथ ही इस इंडस्ट्री से जुड़े सितारे भी सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव हैं। इनमें से एक नाम है त्रिशा कर मधु का, जो अपने बोल्ड लुक्स, बेबाक अंदाज और दमदार एक्टिंग की वजह से हमेशा चर्चा में बनी रहती हैं। वे अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लगातार रील्स और फोटोज पोस्ट करती रहती हैं, जिन्हें फैंस का जबरदस्त प्यार मिलता है। सोमवार को उन्होंने एक नया वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वे एक भोजपुरी गाने पर लिप सिंक करती नजर आ रही हैं। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और लोग इसे खूब पसंद कर रहे हैं। त्रिशा कर ने इस वीडियो में बेहद खूबसूरत पारंपरिक लुक अपनाया है। उन्होंने सिल्क की लाइट और डार्क पर्पल शेड की साड़ी पहनी हुई है, जो उन पर बेहद फब रही है। उनके इस पहनावे में खास बात यह है कि उन्होंने इसे बहुत आकर्षक ढंग से कैरी किया है। साड़ी के साथ उन्होंने सिल्वर ज्वेलरी पहनी है, जिसमें झुमके, चूड़ियां और एक सिंपल पेंडेंट शामिल है। बाल खुले हैं और हल्के मेकअप में उनका चेहरा दमक रहा है। उनके एक्सप्रेशन और हावभाव से लगता है कि वे न केवल इस गाने पर लिप्सिंक कर रही हैं, बल्कि उसे पूरी तरह महसूस भी कर रही हैं। उनकी एक्टिंग, आंखों के इशारे और बॉडी मूव्स वीडियो को और भी दिलचस्प बना रहे हैं। वीडियो में त्रिशा कर जवानी 4 दिन के गाने पर लिपसिंक कर रही है। इस गाने को श्रृष्टि भारती ने गाया है और इसके बोल इमरान भाई ने लिखे हैं। गाने का संगीत अंकुश कुमार ने तैयार किया है और इसे डायरेक्ट आजाद खान ने किया है।

# आशी सिंह ने उफ्फ ये लव है मुश्किल के कलाकारों के साथ शेयर किया वीडियो

**अभिनेत्री** आशी सिंह इन दिनों उफ्फज ये लव है मुश्किल के जरिए दर्शकों का मनोरंजन कर रही हैं। उन्होंने हाल ही में शो के बाकी कलाकारों के साथ सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह शो के कलाकारों के साथ ट्रेंडिंग सॉन्ग कहीं आग लगे लग जावे पर रील बनाती नजर आ रही हैं। आशी ने व्हाइट कलर का सूट पहना हुआ है और गाने के बोल के साथ सटीक एक्सप्रेशन के साथ हुक स्टेप्स करती नजर आ रही हैं। उन्होंने वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, टूटे दिल की पीड़ सही न जाए।



## एशियाई खेल: भारतीय महिला टेबल टेनिस क्वार्टर फाइनल में पहुंची, थाईलैंड को 3-2 से हराया

**आइची-नगोया :** भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने एशियाई खेल 2026 में रोमांचक मुकाबले में थाईलैंड को 3-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। भारत ने मंगलवार को पांच मैचों तक चले मुकाबले में शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। अब क्वार्टर फाइनल में भारत का सामना उत्तर कोरिया से होगा, जिसे राउंड ऑफ 16 में बाई मिली थी। भारत की वापसी में यशस्विनी घोरपड़े ने दो बार अहम भूमिका निभाई, जबकि निर्णायक मुकाबले में श्रीजा अकुला ने दबाव के बीच संयम बनाए रखते हुए टीम को जीत दिलाई। मुकाबले के पहले मैच में थाई खिलाड़ी ओरोवान परानांग ने शानदार वापसी करते हुए भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी श्रीजा अकुला को 3-2 से हराया। परानांग ने 7-11, 1-11, 11-9, 11-6, 12-10 से जीत दर्ज कर थाईलैंड को शुरूआती बढ़त दिलाई। इसके बाद यशस्विनी घोरपड़े ने सुथासिनी सावेत्ताबुत को 3-2 से हराकर भारत की वापसी कराई। यशस्विनी ने 11-8, 5-11, 7-11, 11-9, 11-9 से जीत दर्ज की और मुकाबला 1-1 से बराबर किया। थाईलैंड ने तीसरे मुकाबले में फिर बढ़त हासिल कर ली। जिन्निपा सावेत्ताबुत ने दिया चितले को 3-2 से हराया। उन्होंने 11-7, 5-11, 7-11, 11-7, 13-11 से जीत दर्ज कर थाईलैंड को 2-1 की बढ़त दिलाई। भारत को फिर यशस्विनी से उम्मीद थी और उन्होंने निराश नहीं किया। महाराष्ट्र की इस खिलाड़ी ने ओरोवान परानांग को सीधे गेमों में 3-0 से हराकर भारत को मुकाबले में वापस ला दिया। यशस्विनी ने 11-5, 11-8, 11-9 से जीत दर्ज की और मुकाबला निर्णायक मैच तक पहुंचा दिया। निर्णायक मुकाबले में श्रीजा अकुला का सामना सुथासिनी सावेत्ताबुत से हुआ। श्रीजा पहला गेम हार गईं, लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार संयम दिखाते हुए लगातार तीन गेम जीते। उन्होंने 9-11, 11-6, 12-10, 11-8 से 3-1 की जीत दर्ज कर भारत को क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया।

# एशियाई खेल: इलावेनिल-पार्थ पदक से चूके 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम में चौथे स्थान पर रहे

एजेंसी

**आइची-नगोया :** भारत की इलावेनिल वलारिवन और पार्थ माने की जोड़ी एशियाई खेल 2026 में मंगलवार को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में पदक जीतने से चूक गई। भारतीय जोड़ी फाइनल में 376.3 अंक के साथ चौथे स्थान पर रही और पदक की दौड़ से बाहर हो गई।

इलावेनिल और पार्थ ने फाइनल की शुरूआत चौथे स्थान से की। पहले 10 शॉट के बाद भारतीय जोड़ी ने 103.6 अंक हासिल किए। चीन 107.2 अंक के साथ शीर्ष पर था, जबकि दक्षिण कोरिया 104.9 और जापान 103.9 अंक के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर थे।

20 शॉट के बाद भी भारतीय जोड़ी चौथे स्थान पर रही। उसके खाते में 207.9 अंक थे और तीसरे स्थान पर मौजूद दक्षिण कोरिया से वह 1.3 अंक पीछे थी। चीन 211.9 अंक के साथ शीर्ष पर बना हुआ था। तीसरी सीरीज के बाद भी इलावेनिल और पार्थ 312.3 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। चीन 315.7 अंक के साथ पहले, जापान 314.9 अंक के साथ दूसरे और दक्षिण कोरिया 314.3 अंक के साथ तीसरे स्थान पर था। इसके बाद भारतीय जोड़ी 376.3 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल से बाहर हो गई। इससे पहले इलावेनिल और पार्थ ने क्वालिफिकेशन में 634.9 अंक हासिल कर दूसरा स्थान हासिल किया था और फाइनल में जगह बनाई थी। चीन ने 638.9 अंक के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन में पहला स्थान हासिल किया था। तैराकी में भारत की 4७100 मीटर मेडले रिले टीम फाइनल में तैराकी में भारत की पुरुष 4७100 मीटर मेडले रिले टीम ने अपनी हीट में चौथा स्थान हासिल कर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। ऋषभ दास, आकाश मणि, बेनेडिक्शन बेनिस्टन और धनुष सुरेश की भारतीय चौकड़ी कुल मिलाकर सातवें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ फाइनल में पहुंची। फाइनल मंगलवार को बाद में खेला जाएगा।





# वाहबिज दोराबजी को स्वाइप कल्चर से लगता है डर, बताया खुद का रिलेशनशिप स्टेटस

**टीवी एक्ट्रेस वाहबिज दोराबजी का 2021 में एक्टर विवियन डीसेना से तलाक हुआ था। विवियन तो अपनी लाइफ में आगे बढ़ गए हैं, लेकिन उनकी पूर्व पत्नी वाहबिज दोराबजी का रिलेशनशिप स्टेटस क्या है, यह फैंस जानना चाहते हैं।**

**हाल** ही में अभिनेत्री वाहबिज दोराबजी ने इंटरव्यू में अपने रिलेशनशिप से लेकर करियर तक के बारे में खुलकर बातें की। इस दौरान उन्होंने बताया कि उन्हें स्वाइप कल्चर से क्यों डर लगता है और वो लाइफ में अब कैसा पार्टनर चाहती हैं। जब वाहबिज दोराबजी से पूछा गया कि क्या वह सिंगल हैं, तो अभिनेत्री ने बताया कि वह इस समय किसी को डेट नहीं कर रही हैं। उन्होंने कहा, मैं खुद पर, अपने करियर पर ध्यान केंद्रित कर रही हूं। रिश्तों के मामले में मैं बहुत पुराने जमाने की हूं। मैं 90 के दशक के प्यार में विश्वास करती हूं। मैं किसी ऐसे व्यक्ति को चाहती हूं जो मेरे जीवन में कुछ अर्थ जोड़े, जो मेरे बराबर का हो, महत्वाकांक्षी हो, फिर भी परिवार के प्रति समर्पित हो। मुझे आजकल के स्वाइप कल्चर से बहुत डर लगता है। अपने करियर के बारे में बात करते हुए वाहबिज दोराबजी ने कहा, मैंने पहली बार प्यार की एक कहानी में अभिनय किया था, मुझे ठीक से साल भी याद नहीं, शायद यह 2011 के आसपास था। एक एक्ट्रेस के तौर पर, तब से मैं काफी आगे बढ़ी हूं। मजेदार बात यह है कि मैं कभी एक्ट्रेस नहीं बनना चाहती थी। मैं असल में एक मॉडल बनना चाहती थी।

# नेपाल के पर्यटन क्षेत्र को बाढ़ से 5,267 करोड़ रुपये का शुरूआती नुकसान का आकलन

एजेंसी

**काठमांडू :** नेपाल में बाढ़ और उसके बाद हुए भूस्खलन से देश के पर्यटन क्षेत्र को 52 अरब 67 करोड़ 45 लाख 76 हजार 500 नेपाली रुपये के बराबर का प्रारंभिक आर्थिक नुकसान होने का आकलन किया गया है।

प्रभावित पर्यटन क्षेत्र के पुनरुद्धार और भविष्य में होने वाली आपदाओं से निपटने के लिए पूर्व तैयारी को व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से संबंधित समिति को पुनरुत्थान योजना का मसौदा तैयार करने की जिम्मेदारी भी दी गई है। संस्कृति, पर्यटन तथा नागरिक उड्डयन मंत्रालय में मंगलवार को आयोजित पर्यटन क्षेत्र पर बाढ़-भूस्खलन के प्रभाव और पुनरुद्धार संबंधी रिपोर्ट की प्रस्तुति एवं चर्चा के दौरान नेपाल पर्यटन बोर्ड की त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) के संयोजक एवं बोर्ड के कार्यकारी सदस्य सहदेव धमला ने प्रारंभिक रिपोर्ट पेश की। कार्यक्रम संस्कृति, पर्यटन तथा नागरिक उड्डयन मंत्री खड्गराज पौडेल की मौजूदगी में हुआ। इसमें मंत्रालय के सचिव मुकुंद निरौला, सहसचिव एवं शाखा प्रमुख, नेपाल पर्यटन बोर्ड के प्रतिनिधि तथा निजी क्षेत्र के प्रतिनिधि शामिल हुए।



रिपोर्ट के अनुसार बाढ़ और भूस्खलन से विशेष रूप से रसुवा, नुवाकोट, धादिंग और गोरखा सहित विभिन्न क्षेत्रों में पर्यटन बुनियादी ढांचे, होटल एवं पर्यटन व्यवसाय, परिवहन संपर्क, ट्रेकिंग मार्ग और पर्यटक प्रबंधन को भारी नुकसान पहुंचा है।

क्षेत्रवार शुरूआती आकलन के अनुसार सबसे ज्यादा नुकसान होटल व्यवसाय को हुआ है। रिपोर्ट में होटल क्षेत्र को 19 अरब 56 करोड़ 4 लाख 48 हजार रुपये, विदेशी पर्यटकों से होने वाली पर्यटन आय को 14 अरब 60 करोड़ 24 लाख 64 हजार रुपये और मानव संसाधन एवं पर्यटक प्रबंधन को 12 अरब 26 करोड़ 84 लाख 24 हजार 500 रुपये का नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है।

इसी तरह विरासत एवं पर्यटन बुनियादी ढांचे को 1 अरब 66 करोड़ 40 लाख रुपये, वाहनों को 1 अरब 51 करोड़ 40 लाख 80 हजार रुपये, रेस्तरां क्षेत्र को 1 अरब 38 करोड़ 50 लाख 20 हजार रुपये और लांगटांग क्षेत्र में व्यावसायिक कारोबार को 1 अरब 27 करोड़ 64 लाख 40 हजार रुपये का नुकसान होने का आकलन है।

रिपोर्ट के मुताबिक घरेलू पर्यटन राजस्व में 19 करोड़ 87 लाख रुपये, राफ्टिंग एवं कैंपिंग साइट में 15 करोड़ 50 लाख रुपये और ट्रेकिंग ट्रेल में 5 करोड़ रुपये का प्रारंभिक नुकसान हुआ है। रिपोर्ट में बताया गया है कि बाढ़ और भूस्खलन से 1,117 नेपाली और विदेशी पर्यटक संपर्कविहीन हुए हैं। इसी तरह 310 पर्यटकों को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि 13 लोग बाद में संपर्क में आए। बचाए गए लोगों में 258 पुरुष और 52 महिलाएं हैं।

## ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत, एशिया में भी तेजी का रुख

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी का जोर बना रहा। इसी तरह एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड के स्तर में गिरावट आने और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत के पिछले 11 दिन के निचले स्तर तक पहुंच जाने की वजह से अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा। डाउ जॉन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 0.71 प्रतिशत बढ़कर 52,048.83 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एस एंड पी 500 इंडेक्स में 114.20 अंक यानी 1.49 प्रतिशत उछल कर 7,764.70 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 599.55 अंक यानी 2.26 प्रतिशत की जोरदार छलांग लगा कर 27,122.09 अंक के स्तर पर बंद हुआ। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51,981.96 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार पॉजिटिव माहौल बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.74 प्रतिशत की मजबूती के साथ 10,739.01 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.91 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,138.94 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

## मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बांग्ला साहित्यकार शरदिंदु बंद्योपाध्याय को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

**कोलकाता :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने प्रसिद्ध साहित्यकार और पटकथा लेखक शरदिंदु बंद्योपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ह्यसत्यान्वेषीह्ल व्योमकेश बक्शी के स्रष्टा शरदिंदु बंद्योपाध्याय को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। शरदिंदु बंद्योपाध्याय का जन्म 30 मार्च 1899 को उत्तर प्रदेश के जौनपुर में हुआ था। उन्होंने कानून की पढ़ाई की और कुछ समय तक वकालत भी की। बाद में साहित्य और पटकथा लेखन को अपना मुख्य क्षेत्र बनाया। वर्ष 1938 में वे मुंबई गए और बॉम्बे टॉकीज के लिए पटकथा लेखन किया। वर्ष 1952 में मुंबई छोड़कर पुणे में रहने लगे और साहित्य साधना में जुट गए।



बंगाली साहित्य में शरदिंदु प्रमुख कथाकारों में शामिल हैं। ह्यब्योमकेश बक्शीह्ल के अलावा उन्होंने ऐतिहासिक, सामाजिक और अलौकिक विषयों पर भी कई चर्चित रचनाएं लिखीं। ह्यझिंदेर बंदीह्ल, ह्यतुंगभद्रार तीरेह्ल, ह्यकालेर मंदिराह्ल, ह्यगौर मल्लारह्ल, ह्यजातिस्मरह्ल और ह्यविषेर धोय्यांह्ल उनकी उल्लेखनीय कृतियों में शामिल हैं।

शरदिंदु ने ब्योमकेश बक्शी को केंद्र में रखकर कुल 33 कहानियां

## पुनर्विकास परियोजनाओं की 80 इमारतों के मूल निवासियों और खरीदारों के हितों की रक्षा जरूरी

–अतिरिक्त मुख्य सचिव ने विधायक की मांग पर जताई सहमति

एजेंसी

**मुंबई :** वसई-विरार महानगरपालिका क्षेत्र में साल 2022 से 2025 के बीच मंजूर 80 से अधिक पुनर्विकास इमारतों के निर्माण पर रोक लगने से परियोजनाएं अटकने की आशंका पैदा हो गई है। इसकी वजह से पुरानी और खतरनाक इमारतों से पुनर्विकास के लिए अपने घर खाली कर बाहर निकले सैकड़ों नागरिकों के भविष्य पर सवालिया निशान खड़ा हो गया है। महानगरपालिका के तत्कालीन



नियमों के अनुसार इन परियोजनाओं को आधिकारिक मंजूरी और 'महारेरा' का प्रमाणपत्र मिला हुआ था। इस वजह से मूल निवासी पूरी तरह निश्चिंत थे और कई अन्य नागरिकों ने भी इन प्रोजेक्ट्स में निवेश किया था।मौजूदा समय की गंभीर स्थिति को देखते हुए भाजपा विधायक राजन नाईक ने बीते दिनों मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की थी। उन्होंने मांग की थी कि पूरी तरह से प्रतिबंध लगाना अन्यायपूर्ण है और अधिकारियों की गलतियों की सजा आम जनता को नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने निर्माण कार्य पर लगी रोक हटाने के साथ-साथ ओसी (भोगवटा प्रमाणपत्र) और रजिस्ट्री पर लगे प्रतिबंधों को भी रद्द करने और केवल दोषी अधिकारियों, बिल्डरों व आर्किटेक्ट्स पर कार्रवाई करने की मांग की थी। मुख्यमंत्री द्वारा इस मामले का संज्ञान लिए जाने के बाद सोमवार को अतिरिक्त मुख्य सचिव असीम गुप्ता की अध्यक्षता में मुंबई में एक विशेष बैठक आयोजित की गई।इस महत्वपूर्ण बैठक में विधायक राजन नाईक, एमएमआरडीए के अतिरिक्त महानगर आयुक्त पी. वेलारासू, जिलाधिकारी इंदूराणी जाखड, वसई-विरार मनपा के आयुक्त पृथ्वीराज बी. पी., विधायक स्नेहा दुबे पंडित और नगर विकास विभाग के उपनिदेशक निर्मलकुमार चौधरी समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अतिरिक्त मुख्य सचिव असीम गुप्ता ने विधायक

## तीन दिन में हिमाचल से विदा हो सकता है मानसून : मौसम विभाग

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून की विदाई का समय करीब आ गया है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य से मानसून अगले दो से तीन दिनों में पूरी तरह विदा हो सकता है। विभाग ने बताया है कि मानसून की वापसी के लिए परिस्थितियां अनुकूल बन रही हैं। सामान्य तौर पर हिमाचल से मानसून की पूरी विदाई 25 सितंबर के आसपास होती है। इस साल मानसून ने प्रदेश में 30 जून को प्रवेश किया था। पिछले कुछ दिनों से राज्य में बारिश नहीं हुई है और मौसम सुहावना बना हुआ है। मंगलवार को शिमला, मनाली समेत प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में धूप खिली रही। मौसम विभाग ने मंगलवार और बुधवार को मौसम के साफ रहने का अनुमान जताया है। हालांकि, इसके बाद 24 से 28 सितंबर के बीच पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है। विभाग के मौजूदा पूवार्नुमान में इस अवधि में अलग-अलग स्थानों पर बारिश के आसार हैं, लेकिन हिमाचल के लिए भारी बारिश की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है।

### 24 से 28 सितंबर के बीच बदल सकता है मौसम

मौसम विभाग के अनुसार



पश्चिमी विक्षोभ के कारण 24 सितंबर से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। जम्मू और आसपास के क्षेत्र में समुद्र तल से करीब 3.1 किलोमीटर की ऊंचाई पर चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इसके प्रभाव से हिमाचल में 24 से 28 सितंबर के बीच अलग-अलग स्थानों पर बारिश हो सकती है। इसके बावजूद विभाग ने इन पांच दिनों में राज्य के लिए भारी बारिश का कोई अलर्ट या चेतावनी जारी नहीं की है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून की वापसी के लिए केवल बारिश रुकना ही पर्याप्त नहीं होता, इसके साथ वातावरण में नमी कम होना और निचले स्तर पर हवाओं की दिशा में बदलाव जैसी स्थितियां भी देखी जाती हैं। मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए मानसून की विदाई की प्रक्रिया आगे बढ़ने की संभावना है।

इस मानसून सीजन में हिमाचल प्रदेश में बारिश सामान्य से कम रही है। जून से अब तक राज्य में सामान्य से करीब 10 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस साल मानसून ने 30 जून को प्रदेश में दस्तक दी थी। इसके मुकाबले वर्ष 2025 में मानसून के दौरान हिमाचल में सामान्य से 42 फीसदी अधिक बारिश हुई थी। इस साल बारिश कम रहने के बावजूद बारिश और उससे जुड़ी घटनाओं का असर गंभीर रहा है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के आंकड़ों के अनुसार जून से अब तक बारिश से संबंधित घटनाओं में 345 लोगों की मौत और 598 लोग घायल हुए हैं। चार लोग अब भी लापता हैं। मृतकों में 206 की मौत सड़क हादसों में हुई, जबकि 139 लोगों की जान भूस्खलन, फ्लैश फ्लड, डूबने, बहने, फिसलने और अन्य बारिश से जुड़ी घटनाओं में गई है।

## कमजोर शुरूआत के बाद संभले शक्ति पॉलीटॉप के शेयर, मामूली फायदे में आईपीओ निवेशक

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्लास्टिक तिरपाल और पैकेजिंग फैब्रिक बनाने वाली कंपनी शक्ति पॉलीटार्प के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में आज मामूली गिरावट के साथ कारोबार की शुरूआत की। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 59 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 10 पैसे के डिस्काउंट के साथ 58.90 रुपये के स्तर पर हुई। कमजोर लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण ये शेयर लुढ़क कर 56.36 रुपये के स्तर तक गिर गया। हालांकि थोड़ी देर बाद ही खरीदारी शुरू हो जाने के कारण इसकी स्थिति में सुधार होने लगा। लिवाली के सपोर्ट से ये शेयर कुछ देर में ही सुधर कर हरे निशान में पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 11:15 बजे तक का कारोबार होने के बाद ये शेयर 61.40 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इस तरह अभी तक के कारोबार में




कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 2.40 रुपये यानी 4.07 प्रतिशत का फायदा हो गया है।

इस कंपनी का 26.93 करोड़ रुपये का आईपीओ 15 से 17 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 11.87 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 49.22 गुना (एक्स एंकर) सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 5.43 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 4.12 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 45.64 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ में शेयरों की बिक्री से जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने, पुराने कर्ज के बोझ को हल्का करने, आईपीओ से जुड़े खर्चों की भरपाई करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। शक्ति पॉलीटार्प की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 98 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 4.97 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। वहीं पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 10.06 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में इसे 62.23 करोड़ रुपये का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 166.50 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 216.10 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस अवधि में कंपनी पर लदे कर्ज के बोझ में भी लगातार बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में कंपनी पर 23.26 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 48 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

## शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले



एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरूआत भी बढ़त के साथ हुई । बाजार खुलने के बाद कुछ देर तक मामूली उतार चढ़ाव होता रहा। बिकवाली के दबाव में सेंसेक्स कुछ देर के लिए लुढ़क कर लाल निशान में भी पहुंचा। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले एक घंटे का समय पूरा होने के बाद सेंसेक्स 0.19 प्रतिशत और निफ्टी 0.22 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 42.51 अंक यानी 0.06 प्रतिशत उछल कर 74,901.50 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान होने लगी, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी उतार-चढ़ाव होने लगा। बिकवाली के दबाव में यह सूचकांक कुछ देर के लिए लाल निशान में 74,850.27 अंक के स्तर तक गिर गया, लेकिन इसके तुरंत बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर सेंसेक्स को दोबारा हरे निशान में पहुंचा दिया। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 143.66 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 75,002.65 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

## न्यूज IN ब्रीफ

### शिक्षित युवाओं के लिए विरार के अमेय क्लासिक क्लब में 1 अक्टूबर को महा रोजगार मेला-2026

**मुंबई :** युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विरार पश्चिम के यशवंत नगर स्थित अमेय क्लासिक क्लब में एक अक्टूबर को 'महा रोजगार मेला–2026ह्ल का आयोजन किया जाएगा। सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित रोजगार मेले में कई नामी बैंक कंपनियों की ओर से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस मौके पर वसई–विरार महानगरपालिका के प्रथम महापौर तथा उद्यमी राजीव पाटील प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे।समाजसेवी एवं पूर्व नगरसेवक हार्दिक राऊत ने बताया कि रोजगार मेले में 10वीं, 12वीं पास और डिग्रीधारक युवा हिस्सा ले सकेंगे। इसके लिए आयु सीमा 18 से 45 वर्ष रखी गई है। मेले में बैंकिंग एवं फाइनेंस, कस्टमर सर्विस, सेल्स एवं मार्केटिंग, ऑपरेशंस, बैक ऑफिस, रिटेल सहित अन्य क्षेत्रों में रोजगार के अवसर मिलेंगे। रोजगार मेले में आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, डीसीबी बैंक, बंधन बैंक और आदित्य बिड़ला बैंक समेत अन्य कंपनियां शामिल होंगी। इच्छुक उम्मीदवारों से कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पंजीकरण कराने की अपील की गई है।

### क्वांटो एग्रोवर्ल्ड ने निवेशकों को दिया झटका, कमजोर लिस्टिंग के बाद लगा लोअर सर्किट

**नई दिल्ली :** औषधीय और एयरोमैटिक प्लांट्स की खेती, प्रसंस्करण और एसेंशियल ऑयल के उत्पादन के काम से जुड़ी क्वांटो एग्रोवर्ल्ड लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में गिरावट के साथ शुरूआत कर अपने आईपीओ निवेशकों को झटका दे दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 67 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग सिर्फ एक पैसे के डिस्काउंट के साथ 66.99 रुपये के स्तर पर हुई। सांकेतिक कमजोरी के साथ लिस्टिंग होने के बाद बाजार में इस शेयर की बिकवाली शुरू हो गई, जिससे इसी चाल कमजोर पड़ती चली गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण कुछ देर बाद ये शेयर लुढ़क कर 63.65 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर आ गया। इस तरह पहले दिन के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 3.35 रुपये यानी पांच प्रतिशत का नुकसान हो गया। इस कंपनी का 500 करोड़ रुपये का आईपीओ 15 से 17 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.39 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 1.66 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन सिर्फ 79 प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 46.30 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ में शेयरों की बिक्री से जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी महाराष्ट्र के रावरगांव में डिस्टिलेशन प्लांट लगाने, नए फार्मर्स की खरीदारी करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने, पुराने कर्ज के बोझ को कम करने, आईपीओ से जुड़े खर्चों की भरपाई करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। क्वांटो एग्रोवर्ल्ड लिमिटेड की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2023–24 में कंपनी को 5.37 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024–25 में बढ़ कर 6.63 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। वहीं पिछले वित्त वर्ष 2025–26 में कंपनी को 8.38 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

### यमुना एक्सप्रेस-वे पर पैदल जा रहे पति-पत्नी को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

**नोएडा :** थाना ईकोटेक– प्रथम क्षेत्र के गलगोटिया कट के पास पति–पत्नी यमुना एक्सप्रेसवे को पैदल पार कर रहे थे, तभी वह एक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। इस घटना में दोनों की मौत हो गई है। पुलिस ने शवों पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । थाना ईकोटेक प्रथम थाना प्रभारी अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि घरबरा गांव में रहने वाले दिनेश और उसकी पत्नी अंजू देवी बीती रात को यमुना एक्सप्रेसवे के गलगोटिया यूनिवर्सिटी कट के पास पैदल चलकर यमुना एक्सप्रेसवे को पार करना चाह रहे थे, तभी दोनों अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। इस घटना में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कासना थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में बीती रात को हुए एक सड़क हादसे में राजू सरोज (37 वर्ष) पुत्र रमेश कुमार मूल निवासी जनपद मिजार्पुर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उप निरीक्षक हर्षवर्धन यादव ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बंगाल से बिहार तस्करी से पहले बड़ी मात्रा में ब्राउन शुगर बरामद

**मालदा :** बंगाल से बिहार तस्करी किए जाने से पहले गाजोल थाना पुलिस ने बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित ब्राउन शुगर बरामद कर दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, बरामद ब्राउन शुगर की मात्रा एक किलोग्राम से अधिक है और इसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब एक करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सोमवार रात करीब नौ बजे गुप्त सूचना के आधार पर गाजोल थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा के पास अभियान चलाया गया। इसी दौरान पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में दो महिलाओं को रोककर पूछताछ की। उनके जवाबों में असंगति मिलने के बाद पुलिस ने दोनों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान महिलाओं के पास से दो बैग बरामद हुए। बैग के अंदर बच्चों के दो टिफिन बॉक्स रखे हुए थे। पुलिस ने जब टिफिन बॉक्स खोले तो उनमें बड़ी मात्रा में ब्राउन शुगर बरामद हुआ।

बरामद नशीले पदार्थ का वजन एक किलोग्राम से अधिक बताया गया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ब्राउन शुगर को कालियाचक से बिहार ले जाया जा रहा था। मामले में गिरफ्तार दोनों महिलाओं की पहचान खुशी खातून और जैनक खातून के रूप में हुई है। दोनों कालियाचक थाना क्षेत्र के नयाग्राम की रहने वाली बताई गई हैं। इतनी बड़ी मात्रा में ब्राउन शुगर उनके पास कैसे पहुंचा, इसे कहां पहुंचाया जाना था और इस तस्करी के पीछे कौन–कौन लोग शामिल हैं, इसकी जांच गाजोल थाना पुलिस ने शुरू कर दी है। पुलिस पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए गिरफ्तार दोनों महिलाओं से पूछताछ कर रही है।

### छपरा में युवक की ईंट-पत्थर से पीट पीट कर हत्या

**सारण :** शहर के नगर थाना क्षेत्र स्थित संवेदनशील पुलिस लाइन से सटे हवाई अड्डा परिसर में बीती रात करीब एक युवक की ईंट–पत्थर और धारदार हथियार से हमला कर बेरहमी से हत्या कर दी गई।

मृतक मुजफ्फरपुर जिले के रहने वाले सचिन कुमार है, जो छपरा के गांधी चौक स्थित एक मिठाई दुकान में काम करता था। घटना की जानकारी मिलते ही वरीय पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक राम पुकार सिंह ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने आनन–फानन में पूरे इलाके को सील कर दिया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि मृतक के साथी शुरूआती दौर में बताया कि टहलने के दौरान ऑटो सवार बदमाशों ने मोबाइल छीनने का प्रयास किया और विरोध करने पर हमला कर दिया, जिसके बाद वह जान बचाकर भागा। उसने डायल 112 और दुकान मालिक को घटना की जानकारी दी। पूछताछ के दौरान मृतक के साथी के बयानों में कई विरोधाभास पाए गए। पुलिस को गुमराह करने के बावजूद लगभग डेढ़ घंटे की तलाशी के बाद झाड़ियों से सचिन का शव बरामद हुआ। जांच के दौरान मनोहर कुमार के कान के अंदर भी खून के निशान मिले। पुलिस ने घटनास्थल के पास छुपाए गए उसके फटे व खून से सने कपड़े, मृतक का मोबाइल और हत्या में प्रयुक्त ईंट–पत्थर बरामद कर लिए हैं। फॉरेंसिक साइंस लैब की टीम ने मौके से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस फिलहाल संदिग्ध मनोहर कुमार से पूछताछ कर रही है।

वरीय पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार ने दावा है कि तकनीकी साक्ष्यों और वैज्ञानिक जांच के आधार पर जल्द ही पूरे मामले का पदार्फाश कर दिया जाएगा।

न्यूज IN ब्रीफ

## बेटी को कस्तूरबा विद्यालय से घर ले जा रहे पिता सड़क हादसे में घायल



**चंदवा :** प्रखंड क्षेत्र में सड़क हादसे में हुटाप निवासी सुखदेव गंझू गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार, सुखदेव गंझू अपनी बेटी को कस्तूरबा आवासीय विद्यालय से लेकर हुटाप आसनाही स्थित घर जा रहे थे। इसी दौरान हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आयीं। हादसे में उनकी बेटी सुरक्षित बतायी जा रही है। वहीं, सुखदेव गंझू को परिजनों द्वारा तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), चंदवा लाया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स, रांची रेफर कर दिया। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है। घायल सुखदेव गंझू के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की जा रही है।

## छत पर बिजली तार जोड़ने के दौरान करंट से युवक की मौत

**मेदिनीनगर :** जिले के पांकी प्रखंड के ढूब पंचायत अंतर्गत उकसू गांव निवासी अनिल सिंह के 25 वर्षीय पुत्र रीतेश कुमार की बिजली करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया गया कि रीतेश घर की छत पर बिजली का तार जोड़ रहे थे, तभी करंट लग गया। परिजन और स्थानीय लोग उन्हें पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## राज्य स्तरीय नेहरू कप हॉकी में बालक और बालिका दोनों टीमें बनीं चैंपियन



सिमडेगा : 'हॉकी की नर्सरी' सिमडेगा के उभरते खिलाड़ियों ने एक बार फिर राज्य भर में अपने जिले का परचम लहराया है। राज्य स्तरीय नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता में व-17 बालक और बालिका दोनों वर्गों की टीमों ने शानदार खेल दिखाते हुए दोहरा खिताब अपने नाम किया।

व-17 बालक वर्गः रोमांचक मुकाबले में सिमडेगा ने खूंटी को पेनाल्टी शूटआउट में 3-1 से पराजित कर ट्रॉफी जीती।


व-17 बालिका वर्गः सिमडेगा की बेटियों ने बेहतरीन तालमेल का प्रदर्शन करते हुए रांची को 3-1 से शिकस्त देकर जीत दर्ज की। सभी विजेता खिलाड़ियों, कोच और सिमडेगा के खेल प्रेमियों को इस ऐतिहासिक दोहरी सफलता पर ढेरों बधाई एवं शुभकामनाएं!

## उत्पाद विभाग ने जिले भर में की विशेष छापेमारी



**सिमडेगा :** करम पूजा का त्योहार शांतिपूर्ण, सुरक्षित और नशामुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए उपायुक्त सिमडेगा के निदेर्शानुसार उत्पाद विभाग द्वारा जिले भर में विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। अवैध शराब विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बांसजोर थाना अंतर्गत बामडियापाड़ा, कादोपानी रोड एवं केरिया तथा सिमडेगा थाना अंतर्गत कुंबाटोली में 50 लीटर अवैध चुलाई शराब जप्त किया गया एवं 400 किलो ग्राम जावा महुआ जप्त कर विनष्ट किया गया। विदित है कि माह सितम्बर में इसके पूर्व सिमडेगा जिले के मुफस्सिल थाना के कोचेडेगा, भंडारटोली तथा बानाबीरा, सिमडेगा थाना के जोकबहार, केरसई थाना के रुसु एवं कुरडेग थाना के कुटमाकछार तथा जनकपुर में अवैध शराब विक्रेताओं एवं निर्माणकताओंं के विरुद्ध कार्रवाई कर लगभग 1000 किलो जावा महुआ विनष्ट किया गया एवं 120 लीटर अवैध चुलाई शराब जप्त किया गया। जिला प्रशासन अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री में शामिल असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा विजेताओं को किया गया पुरस्कृत



**जमशेदपुर :** रानी वेलफेयर एंड एडवेंचर्स एवं स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास के संयुक्त तत्वाधान में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में बड़ी संख्या बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर अपनी कला एवं रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने अपनी कल्पना शीलता और रंगों के माध्यम से विभिन्न विषयों को कागज पर जीवंत रूप दिया कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया जिसमें सुचित्रा बनर्जी ,देवोलीना घोष , अदरीजा प्रधान, खुशी, अनिमा महतो ,प्रीति कुमारी, आदर्श प्रसाद ,अदिति भरद्वाज ,सृष्टि भारती एवं प्रियंका पावर को विधायक सरयू राय ,स्वर्ण रेखा क्षेत्र विकास के ट्रस्टी अशोक गोयल तथा डॉक्टर एस के मित्रा के हाथों पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पश्चिम सिंहभूम के कलाकार रोहित दास निर्णायक रूप में उपस्थित रहे उन्होंने बच्चों के कलाकृतियों का मूल्यांकन करते हुए उनकी प्रतिभा और रचनात्मकता की सराहना की कार्यक्रम को सफल बनाने में सोमनाथ बनर्जी रेनू बनर्जी रानी बनर्जी सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। आयोजन का उद्देश्य बच्चों में कल के प्रति रुचि, रचनात्मक सोच एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देना रहा।

# जनता के प्रति जवाबदेही सर्वोच्च प्राथमिकता लापरवाही पर होगी कार्रवाई : उपायुक्त

**मेट्रोरेज संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने समाहरणालय सभागार में विभिन्न विभागों द्वारा वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध किए जा रहे राजस्व संग्रहण की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने राजस्व संग्रहण के साथ-साथ अंतरविभागीय भूमि हस्तांतरण, प्राकृतिक आपदा एवं राज्य स्तरीय अधिसूचित आपदाओं से प्रभावित लोगों को सहायता राशि, ई-रेवेन्यू कोर्ट में लंबित मामलों, नीलाम पत्र वादों, रिट पिटीशन मामलों तथा विभिन्न अंचलों में लंबित नामांतरण वादों एवं अन्य आवेदनों की बिंदुवार समीक्षा की।

समीक्षा के क्रम में खनन विभाग, डाल्टनगंज द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध अगस्त 2026 तक 66.15 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रहण किया गया है, जो वार्षिक लक्ष्य का 18.90 प्रतिशत है।

इसी क्रम में उत्पाद विभाग, पलामू के राजस्व संग्रहण की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 40.95 प्रतिशत राजस्व संग्रहण पाया गया। उपायुक्त ने उत्पाद अधीक्षक को सीमा क्षेत्रों में सघन अभियान चलाते हुए अंतरराज्यीय शराब के अवैध आवागमन पर प्रभावी रोक लगाने का निर्देश दिया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि पलामू



जिला अंतर्गत मौजूदा वित्तीय वर्ष में अगस्त 2026 मे कुल 31 अभियोग दर्ज करते हुए विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

जिला अवर निबंधक कार्यालय, मेदिनीनगर के राजस्व संग्रहण की समीक्षा में वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध 47.37 प्रतिशत उपलब्धि पाई गई। वहीं जिला अवर निबंधक कार्यालय, हुसैनाबाद द्वारा वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 28.26 प्रतिशत राजस्व संग्रहण किया गया है।

इसी प्रकार मेदिनीनगर नगर निगम के वित्तीय वर्ष 2026-27 के 16.04 करोड़ रुपये के वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध 7.40 करोड़ रुपये का कुल राजस्व संग्रहण हुआ है। परिवहन विभाग द्वारा 85.59 करोड़ रुपये के वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध 35.07 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रहण किया गया है।

**विधिक माप विज्ञान विभाग को सघन जांच का निर्देश**

विधिक माप विज्ञान विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी निरीक्षक द्वारा अगस्त 2026 मे 23.69 लाख रुपये के राजस्व संग्रहण की जानकारी दी गई। उपायुक्त ने प्रभारी निरीक्षक, विधिक माप विज्ञान को ब्रिज, ग्रोसरी, पेट्रोल पंप, एलपीजी, हार्डवेयर, फर्टिलाइजर एवं पीडीएस इकाइयों की क्रमवार जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने नियमित रूप से विधिक माप विज्ञान संबंधी कार्यों का प्रभावी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा।

नगर निकायों की समीक्षा के क्रम में कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत हुसैनाबाद, नगर पंचायत छतरपुर एवं नगर पंचायत हरिहरगंज तथा प्रशासक, नगर परिषद विश्रामपुर द्वारा अगस्त 2026 तक लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रहण संतोषजनक पाया गया।

इसी प्रकार विद्युत प्रमंडल छतरपुर एवं डाल्टनगंज द्वारा राजस्व संग्रहण की स्थिति भी संतोषजनक पाई गई। उपायुक्त ने विद्युत विभाग के संबंधित पदाधिकारियों को विभागीय नियमों के अनुरूप एवं समयबद्ध तरीके से बिजली संबंधी समस्याओं का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# चंदवा में उत्पाद विभाग की छापेमारी अवैध शराब के साथ दो मामले दर्ज

**संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त लातेहार के निदेर्शानुसार अवैध शराब कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण तथा आगामी पर्व कर्मा के मद्देनजर अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ मद्य निषेध विभाग की ओर से चलाए जा रहे अभियान के तहत चंदवा थाना क्षेत्र में छापेमारी की गई। इस दौरान अलग-अलग स्थानों से विदेशी शराब और चुलाई शराब बरामद की गई। कार्रवाई के बाद संबंधित आरोपियों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।



जानकारी के अनुसार, लोहरसी निवासी मुकेश कुमार महतो पिता हर्षू महतो के ठिकाने से 10.9 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। एक अन्य कार्रवाई में बीयर 9.75 लीटर तथा चुलाई शराब 10 लीटर बरामद किए जाने की जानकारी है। विभाग के अनुसार, बरामद शराब के डुप्लीकेट होने का संदेह है। वहीं, प्रेम कुमार साव के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। बताया गया कि प्रेम कुमार साव फरार है और चंदवा का निवासी है।

इधर, चंदवा के कुसुमटोली निवासी यशवंत कुमार से संबंधित मधुवन ढाबा में भी छापेमारी की गई। यहां से 4.6 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई, जो चंडीगढ़ निर्मित बताई गई है।

मद्य निषेध विभाग की कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़-कंप है। उत्पाद अधीक्षक द्वारा स्पष्ट किया गया है कि पर्व के दौरान अवैध मद्य निर्माण, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## तीन दिन से लापता विजय तिवारी का कुएं में मिला शव

**मेदिनीनगर :** पाटन थाना क्षेत्र के मणिका गांव निवासी स्वर्गीय ललन तिवारी के पुत्र विजय तिवारी का शव मंगलवार सुबह कुएं से बरामद किया गया। बताया गया कि विजय तिवारी पिछले तीन दिनों से घर से लापता थे और परिजन लगातार उनकी तलाश कर रहे थे। मंगलवार सुबह घर के समीप बरडीहा गांव स्थित एक कुएं में ग्रामीणों ने शव देखा। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवाया और आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी। घटना के बाद परिजनों में मातम पसरा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## श्रद्धा निष्ठा और आस्था का अनुपम स्थल है चाईबासा का प्राचीन हनुमान मंदिर



**बिनय मिश्राः** पश्चिम सिंहभूम जिला चाईबासा के जे एम पी चौक पर अवस्थित प्राचीन हनुमान मंदिर श्रद्धालुओं और भक्तजनों का श्रद्धा का स्थल है यूँ तो प्रतिदिन यहाँ भक्तों की भीड़ रहती है किन्तु मंगलवार के दिन श्रद्धालुओं की भीड़ देखते ही बनती है। मंदिर के पुजारी बजरंग मिश्रा बताते हैं कि - चाईबासा के प्राचीन मंदिर के रूप में सुविख्यात हनुमान मंदिर में मंगलवार को विशेष पूजा अर्चना की जाती है और इस दिन भक्तजनों और श्रद्धालुओं की भीड़ देखते ही बनती है। इस हनुमान मंदिर की सशक्त पहचान प्राचीन हनुमान मंदिर के रूप में है और लोग संकटमोचन बजरंगी के दर्शन और पूजा हेतु आते हैं।

## करम पर्व पर झामुमो जिलाध्यक्ष ने दी जिलेवासियों को शुभकामनाएं



**लातेहार :** करम पर्व की पूर्व संध्या पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के लातेहार जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ सहदेव ने जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने करम पर्व को झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा, प्रकृति के प्रति आस्था और भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक बताया।

अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा कि करम पर्व हमारी लोक संस्कृति और परंपराओं से गहराई से जुड़ा हुआ है। यह पर्व प्रकृति के संरक्षण, आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश देता है। करम देव की पूजा के माध्यम से लोग सुख-समृद्धि, खुशहाली और परिवार की मंगलकामना करते हैं।

लाल मोती नाथ सहदेव ने कहा कि झारखंड की पहचान उसकी समृद्ध आदिवासी संस्कृति, परंपराओं, लोकगीतों और प्रकृति से गहरे जुड़ाव से है। करम पर्व हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने तथा आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने जिलेवासियों से करम पर्व को आपसी प्रेम, सद्भाव, शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। साथ ही सभी के सुखी, स्वस्थ एवं समृद्ध जीवन की कामना की।

उन्होंने कहा कि प्रकृति का सम्मान और सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## विकास योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं समय पर पूरा करें निर्माण कार्य : उपायुक्त

**लातेहारः** समाहरणालय सभाकक्ष में सोमवार को उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी संदीप कुमार की अध्यक्षता में ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पथ निर्माण प्रमंडल, लघु सिंचाई प्रमंडल एवं एनआरईपी के अंतर्गत संचालित योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लंबित एवं निमार्णाधीन योजनाओं की प्रगति, कार्य पूर्ण करने की समय-सीमा तथा निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं अभियंताओं से योजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सड़क एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं से जुड़े कार्यों में गुणवत्ता मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने लंबित योजनाओं में तेजी लाने तथा निर्माण



कार्यों की नियमित स्थल जांच और अनुश्रवण करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब हो रहा है, वहां संबंधित संवेदक एवं एजेंसी की जवाबदेही तय करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए विकास योजनाओं को समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारने का निर्देश दिया। बैठक में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## महुदंड में दुगार्पूजा की तैयारी तेज, उमेश यादव बने अध्यक्ष

**हुसैनाबाद :** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत महुदंड के पंचायत सचिवालय परिसर में रविवार को न्यू दुर्गा पूजा समिति, महुदंड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी दुगार्पूजा को भव्य, व्यवस्थित और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान पूजा की तैयारियों, चंदा संग्रह, पंडाल निर्माण सहित विभिन्न कार्यों को लेकर सदस्यों के बीच जिम्मेदारियां तय करने पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया विजय प्रसाद यादव ने की। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। उमेश यादव को अध्यक्ष, जितेंद्र प्रसाद यादव (जेपी) को सचिव, नितीश कुमार विश्वकर्मा को कोषाध्यक्ष, शिवम कुमार गुप्ता को उपाध्यक्ष तथा नीरज कुमार विश्वकर्मा को उप सचिव बनाया गया।

### जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के अध्यक्षता में लोक विचार मंच पलामू प्रमंडललीय बैठक संपन्न

# लोक विचार मंच की प्रमंडलीय बैठक में राजकुमार सिंह बने पलामू प्रमंडलीय अध्यक्ष

**मेट्रोरेज संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** लोक विचार मंच की प्रमंडल स्तरीय बैठक मेदिनीनगर में आयोजित हुई। बैठक में संगठन के सात सूत्री उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने, समाज को जागृत एवं एकजुट करने तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में लोक विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बसंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन लोक विचार मंच के राज्य के संयोजक श्याम नारायण सिंह ने किया बैठक की अध्यक्षता लोक विचार मंच के पलामू जिला अध्यक्ष ने किया

लोक विचार मंच के सात सूत्री उद्देश्यों में राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता, संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता, सामाजिक सद्भाव एवं समरसता, महिला सशक्तिकरण, युवा शक्ति एवं राष्ट्र निर्माण, वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान तथा आर्थिक समानता एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनजागरूकता शामिल हैं। संगठन के अनुसार इन उद्देश्यों को लेकर समाज के विभिन्न वर्गों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए सेमिनार, विचार-विमर्श, वाद-विवाद, जनसंवाद, धरना-प्रदर्शन और अन्य लोकतांत्रिक माध्यमों से पहल की जाएगी।

बैठक की शुरूआत अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान के साथ हुई। कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता जैश रंजन उर्फ बिट्टू पाठक ने सभी गणमान्य अतिथियों का फूल-माला, पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया।

बैठक में संगठन को पलामू प्रमंडल के तीनों जिलों पलामू, गढ़वा और लातेहार में मजबूत करने तथा संगठनात्मक गतिविधियों को विस्तार देने पर चर्चा हुई। इसी क्रम में राजकुमार सिंह को लोक विचार मंच का पलामू प्रमंडलीय अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की गई। उन्हें तीनों जिलों में संगठन के कार्यों के समन्वय एवं विस्तार की जिम्मेदारी सौंपी गई।

सभा को संबोधित करते हुए लोक



विचार मंच के प्रदेश संयोजक श्याम नारायण सिंह ने कहा कि संगठन संविधान में दिए गए मार्गदर्शन और संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप समाज निर्माण की दिशा में काम करना चाहता है। समाज में सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक समरसता बनी रहे, पंथनिरपेक्ष मूल्यों को मजबूती मिले, लोगों के बीच आर्थिक दूरियां कम हों, युवा शक्ति का सकारात्मक उपयोग हो तथा नारी सशक्तिकरण को आगे बढ़ाया जाए, इन विषयों को संगठन अपने कार्यों में प्राथमिकता देगा। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान और गरिमापूर्ण स्थान दिलाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

श्याम नारायण सिंह ने कहा कि लोक विचार मंच की शुरूआत पलामू से हुई थी और अब संगठन को पूरे झारखंड में विस्तार देने की प्रक्रिया शुरू की गई है। प्रमंडलीय इकाई का गठन इसी विस्तार की महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने राजकुमार सिंह के नेतृत्व में पलामू प्रमंडल में संगठन को मजबूत करने और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने की उम्मीद जताई।

लोक विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बसंत सोरेन ने कहा कि फिलहाल जिला स्तर पर संगठन को मजबूत करने का काम किया जा रहा है। संगठन के राज्य स्तरीय विस्तार के लिए फरवरी-मार्च में रांची में एक बड़े राज्य स्तरीय सम्मेलन के आयोजन की योजना है। उन्होंने कहा कि आने वाले चार से छह महीनों में संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाया जाएगा।

डॉ. सोरेन ने कहा कि लोक विचार मंच के माध्यम से ह्लएक आवाज, एक विचारह्व के साथ जनहित के मुद्दों को सामने लाने का प्रयास किया जाएगा। बच्चों की शिक्षा, युवाओं के रोजगार, बुजुर्गों के मान-सम्मान, युवा, कला एवं खेल तथा समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों को आगे लाने जैसे विषयों पर संगठन काम करेगा।

कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष जैश रंजन उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि सामाजिक कार्यों और जनहित से जुड़े कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि पलामू में जब भी कोई सामाजिक संस्था लोगों के हित में काम करेगी, वे उसके साथ खड़े रहने का प्रयास करूंगा

कार्यक्रम को गढ़वा जिलाध्यक्ष दीपमाला कुमारी और लातेहार जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह सहित समाजसेवी अलख निरंजन चौबे, मुकेश सिंह चंदेल, अमित चौहान, बिनोद पाठक, शिवकुमार सिंह, भृगुनाथ सिंह, संजय सिंह एवं शमीम अहमद राइन ने भी संबोधित किया।